वर्ष-10, अंक- 09, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज , शुक्रवार 08 मार्च, 2024

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटेन में भारतीय मूल की महिला पर 10 साल की बेटी की हत्या करने का आरोप

पीटीआई, लंदन। 33 वर्षीय भारतीय मूल की महिला बुधवार को ब्रिटेन की एक अदालत में पेश हुई, जिस पर उसकी 10 वर्षीय बेटी की हत्या का आरोप है, जो इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र के एक शहर में अपने घर पर मृत पाई गई थी।33 वर्षीय भारतीय मूल की महिला बुधवार को ब्रिटेन की एक अदालत में पेश हुई जिस पर उसकी 10 वर्षीय बेटी की हत्या का आरोप है जो इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र के एक शहर में अपने घर पर मृत पाई गई थी।वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस के डिटेक्टिव इंस्पेक्टर डैन जेराट ने कहा हमारी संवेदनाएं शे के परिवार



और दोस्तों के साथ हैं।जसकीरत कौर, जिसे जैस्मीन कांग के नाम से भी जाना जाता है, शे कांग की हत्या के आरोप में वॉल्वरहैम्प्टन मजिस्ट्रेट कोर्ट के सामने पेश हुई, जिसे उसके स्कूल की ओर से श्रद्धांजलि के दौरान उज्ज्वल बच्ची बताया गया था। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने कहा कि लड़की को सोमवार को राउली रेजिस के एक पते पर चोटों के साथ पाया गया था और उसे घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया था।वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस के डिटेक्टिव इंस्पेक्टर डैन जेराट ने कहा, हमारी संवेदनाएं शे के परिवार और दोस्तों के साथ हैं। उनकी दुखद मृत्यु का उनके जानने वालों के साथ-साथ व्यापक समुदाय पर भी गहरा प्रभाव पड़ा है। हम अनुरोध करते हैं कि हमारी पूछताछ जारी रहने तक उन्हें निजी तौर पर शोक मनाने के लिए छोड़ दिया जाए।उन्होंने कहा, जो कुछ हुआ उससे समुदाय स्तब्ध रह गया है।

## लोक सभा चुनाव को लेकर हिमंत बिस्वा सरमा का दावा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को



कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन आगामी चुनावों में पूर्वोत्तर की 25 लोकसभा सीटों में से 22 पर जीत हासिल करेगा। 2024 असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन आगामी चुनावों में पूर्वोत्तर की 25 लोकसभा सीटों में से 22 पर जीत हासिल करेगा। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए हिमंत सरमा ने कहा कि असम की 14 सीटों में से केवल तीन सीटें फिलहाल अनिश्चित हैं।यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए हिमंत सरमा ने कहा कि असम की 14 सीटों में से केवल तीन सीटें फिलहाल अनिश्चित हैं।उन्होंने कहा, ठएनडीए पूर्वोत्तर में 25 में से 22 सीटें जीतेगी। असम को छोड़कर, हमें क्षेत्र के अन्य राज्यों में सभी सीटें जीतने की उम्मीद है।एनडीए की क्षेत्रीय शाखा, नॉर्थ-ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस के संयोजक ने जोर देकर कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव सत्तारूढ़ मोर्चे के लिए सरल चुनाव हैं और वह बिना किसी कठिनाई के चुनाव जीतेंगे।उन्होंने कहा, ठइस बार विकास ही एकमात्र मुद्दा है। क्षेत्र के समग्र बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर काम किए गए हैं।

## कौन है 23 साल से फरार आरोपी राजीव मेहता

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 23 साल से फरार बैंक धोखाधड़ी के आरोपी राजीव मेहता को अमेरिका से वापस लाने की तैयारी तेज कर



दी है। इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस का सामना रहा राजीव मेहता दिल्ली में दर्ज 25 साल पुराने बैंक धोखाधड़ी के मामले में वांछित था। वह वर्ष 2000 से फरार चल रहा था।सीबीआई ने 23 साल से फरार बैंक धोखाधड़ी के आरोपी राजीव मेहता को अमेरिका से वापस लाने की तैयारी तेज कर दी है। इंटरपोल ने सीबीआई के अनुरोध पर उसके खिलाफ 16 जून 2000 को रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। सीबीआई ने आरोपित को भारत वापस लाने के लिए इंटरपोल चैनलों के माध्यम से अमेरिका से संपर्क किया है।इंटरपोल ने सीबीआई के अनुरोध पर उसके खिलाफ 16 जून 2000 को रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ग्रेटर कैलाश पार्ट-दो नई दिल्ली में फर्जी बैंक खाते खोलने से जुड़े धोखाधड़ी, चोरी और आपराधिक साजिश के लिए राजीव मेहता के खिलाफ वर्ष 1998 में मामला दर्ज किया गया था। इन खातों के माध्यम से वह विभिन्न पार्टियों के बैंक ड्राफ्ट को रोक लेता था

## महिला इतनी परिपक्व है कि विवाहिता से दुष्कर्म के आरोपी को सुप्रीम कोर्ट ने किया बरा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के बुधवार को शादी का झांसा देकर विवाहित



महिला से दुष्कर्म के आरोपित को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस कृत्य के परिणामों को समझने के लिए महिला काफी परिपक्व थीं।सुप्रीम कोर्ट ने शादी का झांसा देकर विवाहित महिला से दुष्कर्म के आरोपित को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस कृत्य के परिणामों को समझने के लिए महिला काफी परिपक्व थीं। शिकायतकर्ता एक विवाहित महिला है जिसकी 15 साल की बेटी है और वह अपने माता-पिता के साथ रहती है। उन्होंने कहा कि अपीलकर्ता द्वारा उससे किए गए शादी के वादे का कोई सवाल ही नहीं उठता है।जस्टिस सीटी रविकुमार और जस्टिस राजेश बिंदल की पीठ ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 164 के तहत दर्ज एफआईआर और शिकायतकर्ता के बयान में विसंगतियां थीं। आरोपित विनोद गुप्ता की ओर से पेश वकील अश्विनी कुमार दुबे ने कहा कि एफआईआर कुछ और नहीं बल्कि कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है क्योंकि दोनों के बीच शारीरिक संबंध सहमति से बने थे।

## उत्तर भारत में ठंड ने मारा यू-टर्न, इन दो राज्यों में आज होगी झमाझम बारिश

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में मौसम का मिजाज बदल रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार को तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, आज सुबह दिल्ली का तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, घंटों के भीतर उत्तर भारत के कई राज्यों में तेज आंधी-तूफान और बारिश की उम्मीद जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में बादल छाए रहेंगे।वहीं, कई राज्यों में आज बारिश की भी



वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से पूर्वी और उत्तरी भारत के कई इलाकों में बर्फबारी और बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों के भीतर उत्तर भारत के कई राज्यों में तेज आंधी-तूफान और बारिश की उम्मीद जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में बादल छाए रहेंगे। वहीं कई राज्यों में आज बारिश की भी आशंका है। वहीं आज ओडिशा और सिक्किम में बारिश की उम्मीद जताई जा रही है।मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 48 आशंका है। आज ओडिशा और सिक्किम में बारिश की उम्मीद जताई जा रही है। अरुणाचल प्रदेश में भी कुछ दिनों तक बारिश की आशंका है।वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से 10 और 12 मार्च के बीच जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।बात करें दक्षिण भारत की तो तमिलनाडु, गोवा, केरल में भी मौसम बदल रहा है। इन राज्यों में आज मौसम शुष्क रहेगा। आसमान साफ रहने वाले हैं। वहीं, तेज धूप खिली रहेगी।

## केरल में आज लांच होगा भारत का पहला सरकारी स्वामित्व वाला ओटीटी प्लेटफाम

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**तिरुअनंतपुरम।** केरल गुरुवार को भारत का पहला सरकारी स्वामित्व वाला ओटीटी प्लेटफार्म सी स्पेस लांच करेगा। इसका उद्देश्य लोगों को सार्थक जानकारी प्रदान करना और क्षेत्र के विशाल अवसरों का लाभ उठाना है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन सात मार्च को सुबह 9.30 बजे कैराली थिएटर में ओटीटी प्लेटफार्म की शुरुआत करेंगे। सांस्कृतिक मामलों के मंत्री साजी चेरियन इसकी अध्यक्षता करेंगे।केरल आज भारत का पहला सरकारी स्वामित्व वाला ओटीटी प्लेटफार्म सी स्पेस लांच करेगा। इसका उद्देश्य लोगों को सार्थक जानकारी प्रदान करना और क्षेत्र के विशाल अवसरों का लाभ उठाना है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन सात फिल्म निर्देशक और अध्यक्ष शाजी एन करुण ने कहा कि सी स्पेस मूल रूप से सामग्री चयन और प्रसार के मामले में ओटीटी क्षेत्र में बढ़ते असंतुलन और विविध चुनौतियों का जवाब है। सी स्पेस का प्रबंधन केएसएफडीसी द्वारा किया जाता है, जो एक राज्य स्वामित्व वाली कंपनी है। इसे केरल सरकार के सांस्कृतिक मामलों के विभाग की ओर से मलयालम सिनेमा और उद्योग को बढ़ावा देने का काम सौंपा गया है।केएसएफडीसी के प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक और अध्यक्ष शाजी एन करुण ने कहा, ठसीस्पेस मूल रूप से सामग्री चयन और प्रसार के मामले में ओटीटी क्षेत्र में बढ़ते असंतुलन और विविध चुनौतियों का जवाब है। उन्होंने बताया कि



मार्च को सुबह 9.30 बजे कैराली थिएटर में ओटीटी प्लेटफार्म की शुरुआत करेंगे। सांस्कृतिक मामलों के मंत्री साजी चेरियन इसकी अध्यक्षता करेंगे। सी स्पेस का प्रबंधन केएसएफडीसी द्वारा किया जाता है।केरल राज्य फिल्म विकास निगम (केएसएफडीसी) के सामग्री के चयन और अनुमोदन के लिए केएसएफडीसी ने 60 सदस्यों का एक क्यूरेटर पैनल गठित किया है, जिसमें राज्य की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक हस्तियां, जैसे बेन्यामिन, ओवी उषा, संतोष सिवन, श्यामाप्रसाद, सनी जोसेफ और जियो बेबी शामिल हैं।

## दुश्मन की अब खैर नहीं, भारतीय नौसेना में शामिल हुआ एमएच-६० सीहॉक हेलीकॉप्टर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने अमेरिका से मिले बहुउद्देशीय हेलीकॉप्टर 60 सीहाक की पहली स्क्वाड्रन को बुधवार को अपने बेड़े में शामिल किया। इन्हें कोच्चि में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की मौजूदगी में आयोजित समारोह में आइएनएस गरुड़ पर तैनात किया गया।भारतीय नौसेना ने अमेरिका से मिले बहुउद्देशीय हेलीकॉप्टर सीहाक की पहली स्क्वाड्रन को अपने बेड़े में शामिल किया। ये हेलीकॉप्टर अत्याधुनिक हथियारों सेंसरों और अन्य सुविधाओं से युक्त हैं। इनके बेड़े में शामिल होने से नौसेना की माकर क्षमता में काफी इजाफा होगा। बता दें कि भारत ने फरवरी 2020 में अमेरिका से एमएच-60 आर हेलीकॉप्टर खरीदने का अनुबंध किया था।ये हेलीकॉप्टर अत्याधुनिक हथियारों, सेंसरों और अन्य सुविधाओं से युक्त हैं। इनके बेड़े में शामिल होने से नौसेना की माकर क्षमता में काफी इजाफा होगा। इन सीहाक हेलीकॉप्टरों के बेड़े में शामिल होने को नौसेना के लागत से 24 एमएच 60 आर सीहाक हेलीकॉप्टर खरीदे जाने हैं। अमेरिका से खरीदे गए ये हेलीकॉप्टर नौसेना द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे ब्रिटेन में बने सी किंग हेलीकॉप्टर का स्थान लेंगे।इन अत्याधिक हेलीकॉप्टर में



आधुनिकीकरण की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।बता दें कि भारत ने फरवरी 2020 में अमेरिका से एमएच-60 आर हेलीकॉप्टर खरीदने का अनुबंध किया था। इसके तहत 2.6 अरब डॉलर की कई मोड वाले रडार, हेलफायर मिसाइलें, नाइट विजन इक्विपमेंट, एमके 54 टारपीडो और राकेट लगे हैं, जो दुश्मन की सबमरीन को पलक झपकते ही नष्ट करने की दक्षता रखते हैं।

## जिम्मेदारी से काम करें उच्च पदों पर बैठे लोग डीएमके नेताओं को मद्रास हाई कोर्ट की नसीहत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**चेन्नई।** सनातन धर्म के खिलाफ टिप्पणी मामले में एक हिंदू राष्ट्रवादी संगठन द्वारा नेताओं के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मद्रास हाई कोर्ट ने कहा है कि उच्च पदों पर बैठे लोगों को जिम्मेदारी से काम करना चाहिए।सनातन धर्म के खिलाफ टिप्पणी मामले में एक हिंदू राष्ट्रवादी संगठन द्वारा नेताओं के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मद्रास हाई कोर्ट ने कहा है कि उच्च पदों पर बैठे लोगों को जिम्मेदारी से काम करना चाहिए। हालांकि हाई कोर्ट ने द्रमुक मंत्रियों उदयनिधि स्टालिन पीके शेखर बाबू और सांसद ए राजा के खिलाफ दायर याचिकाओं पर अधिकार वारंट की रिट जारी करने से इनकार कर दिया।हालांकि, मद्रास हाई कोर्ट ने द्रमुक मंत्रियों उदयनिधि स्टालिन, पीके शेखर बाबू और सांसद ए राजा के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 'अधिकार वारंट' की रिट जारी करने से इनकार कर दिया। इन याचिकाओं में कथित तौर पर सनातन धर्म के खिलाफ टिप्पणी करने के बाद उनके पद पर बने रहने के अधिकार पर सवाल उठाया गया था।

## उत्तर से ज्यादा दक्षिण में घमासान भाजपा को 370 का लक्ष्य पाने और कांग्रेस को साख बचाने में कर सकता है मदद

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** आगामी लोस चुनाव में भाजपा को 370 सीटों के लक्ष्य को पाने और कांग्रेस के लिए अपनी साख बचाने के लिए उत्तर से ज्यादा की एक सौ एक सीटें भाजपा की पकड़ से दूर रहीं। अबकी इसी मोर्चा को मजबूत करना है। प्रयास बढ़ा दिया गया है। बनारस- तमिल संगमम कार्यक्रम के आयोजन से



दक्षिण भारत का गढ़ महत्वपूर्ण है। कारण - उत्तर में भाजपा ने शिखर को लगभग प्राप्त कर लिया है और कांग्रेस का आधार इतना कमजोर हो चुका है कि संघर्ष करके भी वह कुछ अतिरिक्त प्राप्त करने की स्थिति में नहीं दिख रही है। इसलिए दोनों दलों की अपेक्षा दक्षिण पर टिक गई है।पिछली बार भाजपा को दक्षिण में सिर्फ 29 सीटें ही मिली थी। कर्नाटक में 25 तेलंगाना में चार। इसका अर्थ है कि दक्षिण माहौल बनाने में मदद मिली। नए संसद भवन में संगोल को प्रतिस्थापित करके भी।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दक्षिण के दौरे कर रहे हैं और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल को ही ठिकाना बना रखा है। कर्नाटक व तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है और तमिलनाडु की सरकार में भागीदार है। भाजपा को 10 वर्ष के काम और मोदी मैजिक से उम्मीद है।राजनीति में दक्षिण के महत्व को ऐसे समझा जा सकता है कि पटना में लालू प्रसाद जब मोदी परिवार पर सवाल उठाया तो पीएम ने जवाब देने के लिए हैदराबाद को चुना। पिछले दो महीने में पीएम मोदी ने दक्षिणी राज्यों के छह से ज्यादा दौरे किए हैं। एक दिन पहले एक कार्यक्रम में उन्होंने तेलंगाना को दक्षिण का गेटवे बताया था।राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा का पहला चरण दक्षिण से शुरू किया था कांग्रेस के दो बड़े नेता दक्षिण से ही किस्मत आजमाने जा रहे हैं। केरल के वायनाड से राहुल एवं तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर का प्रत्याशी बनना तय है। राजनीतिक विश्लेषक अभय कुमार इस बार भी कांग्रेस के सामने बड़ी चुनौती देख रहे हैं।वह कहते हैं कि 2019 में राहुल ने परंपरागत सीट अमेठी के अलावा केरल की ओर इसी अपेक्षा के साथ रुख किया था कि उत्तर में खराब होती स्थिति को दक्षिण का सहारा मिल सकेगा। इसका फायदा मिला। केरल की 20 में 15 सीटों पर कांग्रेस जीती, जो किसी एक राज्य में प्राप्त सीटों की संख्या के लिहाज से सबसे अधिक है। राहुल का ध्यान फिर वायनाड पर है।

## जादुई जिन्न बना डिजिटल इंडिया घर बैठे शिक्षा के साथ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में भी मिली मदद

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** वर्ष 2015 के जुलाई माह में मिशन डिजिटल इंडिया लांच किया गया तो किसी ने सोचा भी नहीं था कि यह देश की आर्थिक तस्वीर बदल देगा। ये जादुई जिन्न नागरिक सुविधाओं को आपके द्वार तक पहुंचा देगा। चंद सेकेंड में लाखों रुपये का ट्रांजेक्शन करा देगा। घर बैठे शिक्षा और शहर जाए बगैर इलाज उपलब्ध करा देगा।आज पूरी दुनिया भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर यहां लांच कर रहे हैं। मिशन डिजिटल इंडिया से जुड़ी सेवाओं की सबसे खास बात यह रही है कि यह लोकतांत्रिक तरीके से अमीर-गरीब बड़े शहर -छोटे शहर व गांव सबके लिए समान रूप से समान दर पर उपलब्ध रही।सामान खरीदने के लिए बाजार नहीं जाना होगा और गांव वालों को किसी सरकारी काम के लिए शहर नहीं जाना होगा। रोजगार के नए आयाम खुल जाएंगे और गांवों में बैठे-बैठे विदेश




(डीपीआइ) के माडल को अपनाने के लिए इच्छुक दिख रही है। विकसित देश तक भारत के डिजिटल भुगतान की सेवा अपने में अपने सामान को बेच सकेंगे। फोन से खाना मंगाने लगेंगे तो घूमने जाने के लिए टैक्सी बुलाने लगेंगे।

## पार्टी बनाई और भूल गए अधिकांश दल नहीं लड़ते हैं चुनाव

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग देश में राजनीतिक दलों की तेजी से बढ़ रही संख्या और उनके रवैये से चिंतित है। लंबे-चौड़े दावों और बड़े-बड़े नामों से दल तो बना लिए गए, लेकिन अधिकांश गंभीरता से चुनाव नहीं लड़ते हैं या फिर लड़ते ही नहीं।लोक प्रतिनिधित्व कानून के तहत यदि कोई दल एक बार रजिस्टर्ड हो जाता है तो उसके रजिस्ट्रेशन को रद नहीं किया जा सकता है। इसके चलते राजनीतिक दल बेखौफ रहते हैं। यह बात अलग है कि चुनाव सुधारों के क्रम में आयोग ने सरकार को इसके लिए एक प्रस्ताव दिया था। इसमें गंभीर मामलों में दलों के रजिस्ट्रेशन को रद करने का अधिकार भी मांगा है जो लंबित है।ऐसे में लोकतंत्र को मजबूती देने की जगह चुनावी व्यवस्था के सामने वे एक बोझ जरूर बन गए हैं, क्योंकि ये भले ही चुनाव लड़ें या न लड़ें, आयोग को इनके लिए भी सारी मशक्कत ठीक वैसे ही करनी पड़ती है, जैसी गंभीरता से चुनाव लड़ रहे दलों के लिए की जाती है।

## मध्यस्थता की प्रक्रिया के लिए अहम है स्वतंत्रता व निष्पक्षता

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मध्यस्थ की तटस्थता, स्वतंत्रता और निष्पक्षता मध्यस्थता की पूरी प्रक्रिया के लिए अहम है और उन्होंने विविधता व समावेशिता के लिए सक्रिय प्रयास अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता में वर्तमान में भारतीय मध्यस्थों का काफी कम प्रतिनिधित्व है।दिल्ली मध्यस्थता सप्ताहांत के उद्घाटन सत्र के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि विवाद समाधान तंत्र के रूप



करने की जरूरत पर जोर दिया।दिल्ली मध्यस्थता सप्ताहांत के उद्घाटन सत्र के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि विवाद समाधान तंत्र के रूप में मध्यस्थता ने दुनियाभर में जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है और सीमापार विवादों को सुलझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक मध्यस्थता को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि में मध्यस्थता ने दुनियाभर में जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है और सीमापार विवादों को सुलझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक मध्यस्थता को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत से अधिक अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक अनुबंधों में मध्यस्थता समझौते होते हैं और यह वृद्धि ऐसा तटस्थ मंच सृजित करने की क्षमता में निहित है जिसे सभी पक्षकार स्वीकार करने को तैयार रहते हैं।

## सड़क हादसे में श्याम डेयरी के मैनेजर की मौत, दोस्त के यहां कार्यक्रम से रात लौट रहे थे घर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** रात करीब 10:30 बजे कार्यक्रम से घर लौट रहे थे। डांडी स्थित राजपूत ढाबे के पास वह पहुंचे ही थे तभी रॉन्ग साइड से एक बाइक पर सवार दो युवक तेज रफ्तार में आए और उनकी बाइक में टक्कर मार दीप्रयागराज के झूंसी के रहने वाले विनय नारायण उपाध्याय (45) की कल देर रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बुधवार रात धनुआ स्थित एक गेस्ट हाउस से अपने दोस्त के कार्यक्रम से बाइक से घर लौट थे।विनय नारायण झूंसी के गंगा दीप कॉलोनी छातनाग रोड के रहने वाले थे। वह धनुआ स्थित श्याम डेयरी में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। उनकी दो बेटियां हैं। एक कक्षा नौ व दूसरी कक्षा पांच में पढ़ती है। उनके साले प्रवीण कुमार पांडे ने बताया कि बुधवार को उनके जीजा साथ काम करने वाले एक साथी के यहां कार्यक्रम था। ड्यूटी के बाद वह उनके साथ अलग बाइक से कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। रात करीब 10:30 बजे कार्यक्रम से दोनों लोग घर लौट रहे थे।डांडी स्थित राजपूत ढाबे के पास पहुंचे ही थे तभी रॉन्ग साइड से एक बाइक पर सवार दो युवक तेज रफ्तार में आए और इनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह डिवाइडर से जाकर टकरा गए और हेलमेट उनके सिर से निकल जाने की वजह से सिर फट गया। उसके बाद एंबुलेंस की मदद से उन्हें एसआरएन अस्पताल लेकर आया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।



## यूपी बोर्ड की परीक्षा के दौरान छात्रा हुई बेहोश, अस्पताल में कराया गया भर्ती

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** कौशांबी के कड़ा में यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान एक छात्रा बेहोश हो गई। जिसे तुरंत एंबुलेंस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसके आधे घंटे पर छात्रा फिर से परीक्षा केंद्र पहुंची, लेकिन विज्ञान विषय की परीक्षा प्रथम पाली में दे रही वैष्णवी पुत्री बुद्धि लाल हाई स्कूल की छात्रा है। 9:30 बजे सुबह बीपी लो हो जाने से बेहोश हो गई। केंद्र व्यवस्थापक शैलेश गुप्ता ने परिजनों को सूचना देते हुए एंबुलेंस के द्वारा सीएचसी कड़ा



उसकी तबियत सही नहीं लग रही थी जानकारी के मुताबिक, गंगा प्रसाद साहू इंटर कालेज देवीगंज में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल सामाजिक में भर्ती कराया। करीब आधे घण्टे बाद छात्रा पुनः केंद्र पर परीक्षा देने आयी लेकिन पूरी तरह स्वस्थ नहीं दिखी।

## डीपीओ कार्यालय का बाबू रिश्वत लेते गिरफ्तार,आख्या लगाने को मांगे पांच हजार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज जिले में प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में विधि सह परिवीक्षा अधिकारी के पद पर तैनात कर्मचारी को विजिलेंस की टीम ने गिरफ्तार किया है। कर्मचारी पर रिश्वत मांगने का आरोप है।जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में तैनात बाबू विवेक कुमार द्विवेदी को बुधवार विजिलेंस ने पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि दांपत्य विवाद में आख्या लगाने को लेकर रुपये मांगे थे। आरोपी के खिलाफ विजिलेंस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।विवेक मूल रूप से संत रविदास नगर का रहने वाला है। कई साल से डीपीओ कार्यालय में विधि सह परिवीक्षा अधिकारी के पद पर तैनात है। विजिलेंस के मुताबिक, कटका झूंसी के शिवम श्रीवास्तव पुत्र महेंद्र श्रीवास्तव ने आरोपी बाबू के खिलाफ शिकायती पत्र एसपी विजिलेंस को दिया था। इसमें बताया कि उसकी पत्नी ने



घरेलू हिंसा से महिला संरक्षा अधिनियम के तहत उसके खिलाफ वाद दायर किया है। इसके बाद यह मामला मध्यस्थता के लिए भेजा गया है। इसी संबंध में चार मार्च को बयान दर्ज कराने के लिए उसे नोटिस जारी हुआ था।उसका आरोप है कि तय तिथि पर वह आरोपी बाबू से मिला और बयान के संबंध में शपथपत्र दिया लेकिन उसे इसकी रिसीविंग नहीं दी गई। आरोप है कि इस संबंध में बात करने पर आरोपी बाबू विवेक ने पांच हजार रुपयों की मांग की। साथ ही कहा कि रुपये लेकर आने पर ही रिसीविंग दी जाएगी और उसके पक्ष में रिपोर्ट लगाकर आख्या भी न्यायालय में भेज दी जाएगी।विजिलेंस अधिकारियों ने बताया कि गोपनीय तरीके से शिकायत की जांच कराने पर मामला ट्रैप करने योग्य पाया गया।

## नीति बनाने में ही उलझा निगम, सड़क पर घुम रहे आवारा पशु चुनाव तक टला निर्णय

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज में आवारा पशुओं तथा भैंसों को सड़क से हटाने की योजना आगे नहीं बढ़ रही है। लोकसभा चुनाव से पहले शासन से निर्देश मिलने की भी उम्मीद नहीं है।आवारा पशुओं तथा भैंसों को सड़क से हटाने की योजना बस दावों तक सीमित रह गई है। नगर निगम डेयरियों को लेकर नीति बनाने में ही उलझा है और हर प्रमुख मार्ग पर भैंसों का आवागमन जारी है तो गाय और सांड़ भी झुंड में बैठे मिल जाएंगे। मुश्किल यह कि लोकसभा चुनाव से पहले शासन से निर्देश मिलने की भी उम्मीद नहीं है। यानी, नीति पर निर्णय अभी टलता दिख रहा है।महाकुंभ से पहले डेयरियों को शहर से बाहर करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए डेयरियों तथा पशुओं के सर्वे कराने के साथ अवैध तरीके से पशु पालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। नगर निगम की ओर से शहर के चारों तरफ कैटल कॉलोनी बनाकर डेयरियों को वहां शिफ्ट करने की योजना बनाई गई।इस बाबत नीति बनाने के लिए शासन को पत्र लिखा गया लेकिन इसके बाद से ही प्रक्रिया ठप हो गई है। शासन से कोई दिशा होने से पहले गाइडलाइन नहीं आती है तो फिर चुनाव बाद ही इसकी प्रक्रिया आगे बढ़ पाएगी। ऐसे में महाकुंभ आयोजन से पहले कैटल कॉलोनियों के निर्माण तथा डेयरियों को शहर से बाहर किए जाने की योजना पर भी सवाल उठने लगा है।



निर्देश अभी तक नहीं आया है। इसकी वजह से नीति बनाने का काम भी रुक गया है। इसी के साथ कैटल कॉलोनी की कवायद भी फिलहाल रुक गई है।वहीं अफसरों का कहना है कि आचार संहिता लागू वहीं पशु कल्याण एवं चिकित्साधिकारी डॉ.विजय अमृत राज का कहना है कि शासन से गाइडलाइन का इंतजार है। गाइडलाइन आते ही नीति तैयार कर आगे प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## खेत में बालक का क्षत-विक्षत शव मिलने से मचा हड़कंप

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** प्रतापगढ़ में एक बालक का खेत में क्षत-विक्षत शव मिलने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि बालक चार दिन से लापता था। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है। बिहार के रहने परिजनों से अन्य लोगो मौके पर पहुंचे साथ ही मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले के दाऊद नगर निवासी छोटू अपने साथियों के साथ फतनपुर थाने के कोयम गांव मे आरसीसी व



वाले एक मजदूर का तीन वर्षीय बालक चार दिन पहले लापता हो गया था। बुधवार को गांव के एक गेहूं के खेत में बच्चे का शव मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी होने पर मृतक के नाली के निर्माण कार्य में मजदूरी करता है। करीब महीने भर से वह अपने परिवार के साथ रहकर कार्य कर रहा था। शनिवार को परिवार सहित छोटू नाली निर्माण कार्य कर रहा था।

## पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की संपत्ति होंगी कुर्क, हाईकोर्ट ने एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश पर नहीं लगाई रोक

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** यूपी के पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की संपत्तियां कुर्क होगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बस्ती की स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट के करने का आदेश दिया है।एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश के खिलाफ अमरमणि त्रिपाठी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। अमरमणि त्रिपाठी की इस तारीखों पर अंतर पाया गया। इस पर हाईकोर्ट ने बस्ती की स्पेशल कोर्ट से आर्डर शीट के रिकॉर्ड सील बंद लिफाफे में पेश करने को कहा है। अब हाईकोर्ट में 15



आदेश पर रोक नहीं लगाई है। बस्ती की स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट ने अमरमणि त्रिपाठी को फरार घोषित किया है। यूपी के डीजीपी और प्रमुख सचिव गृह से उसकी संपत्तियों को जल्द से जल्द कुर्क याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच में सुनवाई पूरी हो गई। सुनवाई के दौरान अमरमणि त्रिपाठी द्वारा दाखिल किए गए रिकार्ड और यूपी सरकार के हलफनामे में मार्च को इस मामले की अगली सुनवाई होगी।बुधवार को हुई सुनवाई में अदालत ने स्पेशल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाए जाने की अमरमणि त्रिपाठी की मांग को ना मंजूर कर दिया।


आधुनिक
गेस्ट हाउस





- वाटर प्रूफ शेड
- पार्किंग की सुविधा
- मन्दिर की सुविधा
- सी.सी.टीवी.
- छोटे-बड़े कार्यक्रमों के अलग-अलग रेट
- 45000 sq. feet. एरिया
- हरे-भरे वातावरण
- AC कमरा (VIP)

CALL: 9519313894,9415608783, 9415608710

आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस, यूपीएसआईडीसी, रेमण्ड रोड, औधोगिक थाने के पीछे भारत पेट्रोलियम के पहले, औधोगिक क्षेत्र, नैनी, प्रयागराज

## अखिलेश ने बसपा से गठबंधन होने की किसी भी संभावना से किया इनकार, कहा- अब अगली बार सोचेंगे

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**लखनउ।** बसपा और कांग्रेस के बीच पर्दे के पीछे चल रही कथित बातचीत के बीच अखिलेश यादव



ने साफ किया है कि उनकी पार्टी बसपा से गठबंधन के पक्ष में नहीं है। उधर बसपा ने तेलंगाना में चुनावी गठजोड़ कर लिया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बसपा का नाम लिए बिना कहा कि उनके प्रत्याशी भाजपा को फायदा पहुंचाने वाले होते हैं। उन्होंने इस लोकसभा चुनाव में बसपा से गठबंधन की संभावना से इनकार भी किया।एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में बसपा के साथ गठबंधन की संभावना पर उन्होंने कहा कि अब तो समय जा चुका है। लोकसभा चुनाव में समय नहीं बचा है। शायद 15 तारीख से पहले ही चुनाव की तारीख की घोषणा हो जाएगी, ऐसे में इस सबके लिए समय नहीं है। अगले लोकसभा चुनाव में सोचा जाएगा कि उनसे गठबंधन करना है या नहीं। बसपा सुप्रीमो मायावती को साथ लाने के सवाल पर अखिलेश ने कहा, मैं ऐसी कोई बात नहीं बोलना चाहता, जिससे किसी दल को नाराजगी हो। लेकिन सुनने में आता है कि उनके प्रत्याशी वही होते हैं, जिससे बीजेपी को लाभ मिले।बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति बीआरएस (बीआरएस) के साथ गठबंधन करने की घोषणा की है। बसपा के तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष आरएस प्रवीण कुमार ने हैदराबाद में बीआरएस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से मंगलवार को मुलाकात के बाद गठबंधन करने का घोषणा की। बता दें कि इससे पहले बसपा ने तेलंगाना में विधानसभा चुनाव अकेले दम पर लड़ा था। जल्द ही बसपा सुप्रीमो मायावती की सहमति से दोनों दलों के बीच सीटों का बंटवारा होगा।निषाद पार्टी के अध्यक्ष एवं मत्स्य मंत्री संजय निषाद ने भाजपा से गठबंधन में एक और लोकसभा सीट की मांग की है। उन्होंने भाजपा से हारी हुई सीटों में एक सीट की मांग की है। उनका कहना है कि उन्हें यदि हारी हुई एक सीट मिलती है तो वह उसे जीतकर एनडीए को मजबूत करेंगे। इसके अलावा निषाद ने विधान परिषद चुनाव में भी एक सीट की मांग की है।

## तीसरी बार केपी उम्मीदवार बनने पर काशी में होगा पीएम का भव्य स्वागत

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**वाराणसी।** भाजपा से तीसरी बार वाराणसी लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद पीएम मोदी पहली बार वाराणसी आ रहे हैं। पर काशी की परंपरा के अनुसार मंत्रोच्चार और शंखनाद किया जाए सके अलावा एयरपोर्ट से लेकर बरेका तक दोनों तरफ भाजपा कार्यकर्ता और काशीवासी पुष्पवर्षा



ऐसे में बाबतपुर से बरेका तक पीएम मोदी का भव्य स्वागत होगा। हर 500 मीटर पर शंखनाद होगा।लगातार तीसरी बार वाराणसी की लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद नौ मार्च को पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भव्य स्वागत की तैयारी है। पीएम मोदी के 28 किमी के रूट पर हर 500 मीटर कर काशी के प्रतिनिधित्व के लिए धन्यवाद देंगे। उधर, पीएम मोदी के नौ मार्च की रात्रि भ्रमण की उम्मीद को देखते हुए भी तैयारियां की जा रही है। प्रशासन की ओर से गोदौलिया से लेकर नमो घाट और बीएचयू इलाके में अलर्ट किया गया है।एक पखवारे में दूसरी बार काशी दौरे पर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवानी में भाजपा के साथ ही काशीवासियों ने तैयारी शुरू कर दी है।

## कैराना लोकसभा सीट पर दिलचस्प होगा मुकाबला, तीसरी बार आमने-सामने हसन परिवार और प्रदीप चौधरी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**मेरठ।** लोकसभा चुनाव 2024 में कैराना लोकसभा सीट पर मुकाबला दिलचस्प होगा। इस बार भाजपा के मौजूदा सांसद प्रदीप चौधरी और हसन परिवार तीसरी बार आमने-सामने के मुकाबले में होंगे।कैराना का हसन परिवार और भाजपा के प्रदीप चौधरी तीसरी बार चुनाव में आमने-सामने होंगे। इस बार कैराना लोकसभा सीट पर भाजपा के प्रदीप चौधरी का सपा प्रत्याशी हसन परिवार की बेटी इकरा हसन से कड़ा मुकाबला होगा।फ्लैश बैक की बात करें तो वर्ष 2012 में गंगोह विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में प्रदीप चौधरी चुनाव मैदान में उतरे थे। उस समय हसन परिवार की तबस्सुम हसन, उनके बेटे नाहिद हसन बसपा में थे और गंगोह विधानसभा से बसपा प्रत्याशी के रूप में टिकट मांग रहे थे। टिकट नहीं मिलने के कारण हसन परिवार के नाहिद हसन को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में गंगोह विधानसभा से चुनाव लड़ना पड़ा। इस विधानसभा चुनाव में प्रदीप चौधरी ने नाहिद को हराकर जीत हासिल की थी। तबस्सुम हसन और उनके बेटे नाहिद हसन सपा में शामिल हो गए थे। वर्ष 2017 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामकर प्रदीप चौधरी ने गंगोह से विधानसभा का चुनाव जीता था। इस चुनाव में प्रदीप चौधरी ने गंगोह



विधानसभा में बसपा के नौमान मसूद को हराया था।भाजपा हाईकमान ने विधायक प्रदीप चौधरी को वर्ष 2019 के कैराना लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया था। प्रदीप चौधरी ने तबस्सुम हसन को 92 हजार वोट से हराकर विजय हासिल की। वर्ष 2024 में भाजपा हाईकमान ने फिर से प्रदीप चौधरी को कैराना लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप उतार दिया है।उनके सामने तीसरी बार हसन परिवार से सपा कांग्रेस गठबंधन की प्रत्याशी के रूप में इकरा हसन है। हसन परिवार और प्रदीप चौधरी परिवार एक बार फिर लोकसभा चुनाव में आमना सामना होगा। दोनों परिवारों की प्रतिष्ठा दांव पर है।

## आरोपियों ने आठ से 10 लाख रुपये में 14 लोगों को बेचे पेपर, आठ की तलाश में दबिश जारी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**मेरठ।** मेरठ पुलिस ने सॉल्वर गैंग के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया। वहीं पूछताछ में आरोपियों ने कई बड़े खुलासे किए हैं।मेरठ



के एसटीएफ की मेरठ इकाई ने यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने वाले छह आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के आठ साथियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। एसटीएफ के एसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि इनके पास वाट्सएप पर पेपर आया था, आरोपियों ने उसे अभ्यर्थियों से पैसे लेकर लीक किया था।एसपी बृजेश सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में दीप उर्फ दीपक पुत्र दिनेश निवासी दोपहिया रोड पठानपुरा, कंकरखेड़ा, बिटटू पुत्र दयाराम निवासी ग्राम अलीपुर सरधना, प्रवीण पुत्र ओमपाल निवासी नंगलाताशी, रोहित उर्फ ललित पुत्र बिनोद कुमार निवासी गोलाबड़ टीपीनगर, नवीन कुमार पुत्र सलेखचंद निवासी शोभापुर थाना ककरखेड़ा और साहिल पुत्र अमरनाथ निवासी शोभापुर कंकरखेड़ा शामिल हैं।एसपी ने बताया कि 18 फरवरी को यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा की द्वितीय पाली का प्रश्न-पत्र और उत्तर कुंजी 17 फरवरी को दायमपुर कंकरखेड़ा के मोनू ने साहिल निवासी शोभापुर को मोबाइल पर भेजा था। इसके बाद साहिल ने उन्हें नवीन पुत्र सलेखचंद निवासी शोभापुर के वाट्सएप पर भेज दिया। इसके बाद नवीन ने बिटटू को भेज दिया। बिट्टू ने प्रवीण निवासी नंगलाताशी कंकरखेड़ा के मोबाइल पर भेज दिया। इसके बाद पेपर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

## यूपी में 13 हजार अवैध मदरसे बंद करने की सिफारिश, अधिकतर नेपाल सीमा पर

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**लखनउ।** इसमें करीब 13 हजार अवैध मदरसों को बंद कराने की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट के आधार पर अब मदरसा बोर्ड कार्रवाई करने की तैयारी में है।सरकार के निर्देश पर प्रदेश के अवैध मदरसों की जांच कर रही एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। इसमें करीब 13 हजार अवैध मदरसों को बंद कराने की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट के आधार पर अब मदरसा बोर्ड कार्रवाई करने की तैयारी में है। जांच में जिन मदरसों को अवैध पाया गया है, उनमें से अधिकतर नेपाल सीमा पर स्थित हैं। इनका निर्माण खाड़ी देशों से मिली रकम से बीते दो दशकों में हुआ है। शासन के उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में कई और चौंकाने वाले खुलासे भी किए हैं। जिन 13



हजार मदरसों को बंद करने की सिफारिश की गई है, उनमें से अधिकतर नेपाल की सीमा से सटे महराजगंज, श्रावस्ती, बहराइच समेत 7 जिलों में हैं। हर एक सीमावर्ती जिले में ऐसे मदरसों की संख्या 500-500 से ज्यादा है।एसआईटी ने इन मदरसों से उनकी आय और व्यय का ब्योरा मांगा तो वे उपलब्ध नहीं करा सके। इससे आशंका जताई जा रही है कि सोची-समझी साजिश के तहत टेरर फंडिंग के लिए जुटाई गई रकम को हवाला के जरिये मदरसों के निर्माण के लिए भेजा गया। अधिकतर मदरसों ने अपने जवाब में चंदे की रकम से निर्माण कराने का दावा किया है, हालांकि वह चंदा देने वालों का नाम नहीं बता सके। जांच में यह भी सामने आया है कि गैरकानूनी तरीके से बने इन मदरसों में बच्चों का शारीरिक शोषण भी होता है। पूर्व में ऐसे तमाम प्रकरण सामने आ चुके हैं। इन मदरसों की मान्यता भी नहीं है।

## फुफेरी बहनों की खुदकुशी का मामला

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**कानपुर।** प्रियंका गांधी वाड्रा ने लिखा कि उन्नाव, हाथरस से लेकर कानपुर तक जहां भी महिलाओं के साथ अत्याचार हुआ है। उनके परिवार बर्बाद कर दिए गए। इस जंगलराज



में महिला होना भर अपराध हो गया है, जहां कानून नाम की कोई चीज नहीं बची है।कानपुर में घाटमपुर कोतवाली के सामूहिक दुष्कर्म से आहत होकर फुफेरी बहनों ने पेड़ से लटककर जान दे दी थी। आरोपियों ने बहाने से दोनों को शराब पिलाई और दुष्कर्म किया। इसके बाद वीडियो भी बना लिया था। मामले में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि कानपुर में गैंगरेप से पीड़ित दो नाबालिग बच्चियों ने आत्महत्या कर ली। अब उन बच्चियों के पिता ने भी आत्महत्या कर ली। आरोप है कि पीड़ित परिवार पर समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा था। उत्तर प्रदेश में पीड़ित बच्चियां-महिलाएं अगर न्याय मांगती हैं।तो उनके परिवारों को बर्बाद कर देना नियम बन चुका है। उन्नाव, हाथरस से लेकर कानपुर तक जहां भी महिलाओं के साथ अत्याचार हुआ है। उनके परिवार बर्बाद कर दिए गए। इस जंगलराज में महिला होना भर अपराध हो गया है, जहां कानून नाम की कोई चीज नहीं बची है। आखिर प्रदेश की करोड़ों महिलाएं क्या करें, कहां जाएं।

## बिना दस्तावेज दौड़ रहे ई-रिक्शों पर कार्रवाई, डीसीपी ट्रैफिक ने सभी जोन के टीआई को दिए निर्देश

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**कानपुर।** ई-रिक्शा एसोसिएशन ने संभागीय परिवहन अधिकारी से मिलकर अनफिट रिक्शा को कंडम घोषित कर कबाड़ नीति के तहत चलन से बाहर करने की अपील की। आरटीओ विभाग में 41 हजार ई-रिक्शा दर्ज हैं। इनमें से करीब 10 हजार अनफिट हैं। इन वाहनों की फिटनेस और टैक्स के कागजात अधूरे हैं।कानपुर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए सोमवार से बिना दस्तावेज चलने वाले ई-रिक्शों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने चारों जोन के यातायात निरीक्षकों को अलग-अलग चौराहों पर अभियान शुरू करने के लिए बुधवार को निर्देश जारी किए हैं। आरटीओ व स्थानीय पुलिस की भी मदद लेने के लिए कहा।डीसीपी ने बताया कि ई-रिक्शा चालकों व मालिकों को स्पष्ट कर दिया गया है कि लाइसेंस से लेकर वाहन की फिटनेस आदि से संबंधित सभी दस्तावेज पूर्ण कर लें। मंगलवार को ई रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर कुछ जगह दस्तावेजों की चेकिंग कर जागरूक किया गया। सोमवार से कार्रवाई शुरू की जाएगी। इसके बाद बचने वाले वैध ई रिक्शों के संचालन के लिए रूट निर्धारण की व्यवस्था की जाएगी।ई-रिक्शा एसोसिएशन ने संभागीय परिवहन अधिकारी से मिलकर अनफिट रिक्शा को कंडम घोषित कर कबाड़ नीति के तहत चलन से बाहर करने की अपील की। आरटीओ विभाग में 41 हजार ई-रिक्शा दर्ज हैं। इनमें से करीब 10 हजार अनफिट हैं। इन वाहनों की फिटनेस और टैक्स के कागजात अधूरे हैंआरटीओ प्रशासन राजेश सिंह ने बताया कि ऐसे वाहनों को टैक्स जमा करने में छूट देकर राष्ट्रीय कबाड़ नीति के तहत कंडम घोषित किया जाएगा। नए खरीदने पर छूट मिलेगी।



## देर शाम घर से निकला ग्राम प्रधान, सुबह फंदे पर लटकती मिली लाश

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**आजमगढ़।** आजमगढ़ में टहर किशुनदेवपुर गांव के प्रधान का लटकता मिला। ग्रामीणों व परिजनों ने हत्या कर शव को पेड़ पर टांगने का आरोप लगाते



शव मिलते ही सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख ग्रामीण नाराजगी जताने लगे। ग्रामीणों ने शव को उतरवाने और ले जाने से मना कर दिया।आजमगढ़ जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के टहर किशुनदेवपुर गांव के प्रधान का शव गुरुवार की सुबह घर से कुछ दूरी पर महुआ के पेड़ पर हुए पुलिस को शव उतारने नहीं दिया।ग्रामीण एसपी को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे हैं, तो वहीं एएसपी ग्रामीण चिराग जैन मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों को शांत कराने की कवायद में जुटे रहे। समाचार लिखे जाने तक पुलिस शव को अपने कब्जे में नहीं ले सकी थी।

## अनुराग ठाकुर का गठबंधन पर हमल कहा- यह ठगबंधन है, राहुल की गाड़ी के आगे पीछे कोई नही

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**वाराणसी।** अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को गठबंधन और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हताश और निराश हैं। जिस यूपी में नेहरू-गांधी परिवार की चार-चार पीढ़ियों के लिए वोट मिलता था, आज वहां उनकी कोई सुनवाई नहीं। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं को इस बार 400 पार के लिए प्रोत्साहित किया।भाजपा के चंदौली कलस्टर की बैठक के लिए गुरुवार को वाराणसी पहुंचे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, विपक्षी गठबंधन ठगबंधन है। राहुल गांधी की गाड़ी के आगे कोई नहीं, पीछे कोई नहीं। राहुल गांधी हताश और निराश हैं। जिस यूपी में नेहरू-गांधी परिवार की चार-चार पीढ़ियों के लिए वोट मिलता था, सीटें जीतते थे, आज वहां उनकी कोई सुनवाई नहीं। इससे तय है कि यूपी से उनकी विदाई हो चुकी है। केंद्रीय मंत्री ने चंदौली रवानगी से पहले कहा कि इस बार 400 पार के लिए कार्यकर्ता



कमर कस लें। बीजेपी को 370 से अधिक सीट दिलाने के लिए लक्ष्य रखा जाए। आगामी लोकसभा चुनाव में यूपी में सभी 80 सीटे जीतकर एक नया रिकॉर्ड कायम करेंगे। कहा कि तीसरी बार पीएम मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसा। कहा कि राहुल गांधी हताश और निराश हैं। ऐसा व्यक्ति क्या कर सकता है।मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी ने वायनाड जाकर उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए ऐसी बातें कहीं, जिससे हमें बहुत दुख हुआ। सोनिया जी को भी कई बार चेताया गया, लेकिन उन्होंने इसकी अनदेखी की। उन्होंने विपक्षी महागठबंधन को ठगबंधन बताया। कहा कि धार्मिक स्थलों का विरोध करना कांग्रेस पार्टी की आदत है। राम जी के खिलाफ टिप्पणी करना, सनातन धर्म को कुचलने की बात करना, उत्तर दक्षिण को अलग करने की बात करना, टुकड़े-टुकड़े करने वाले लोगों का समर्थन करना। इससे कर्नाटक से कांग्रेस उम्मीदवार के राज्यसभा चुनाव जीतने पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगते हैं, लेकिन राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे कुछ नहीं बोलते, बल्कि छिपाने का काम करते हैं। यह कैसी सोच है।

## हाईकोर्ट के आदेश पर जमीन तलाश रहा प्रशासनिक अमला

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**गोरखपुर।** हाईकोर्ट के आदेश पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की टीम महावीर झारखंडी, टुकड़ा नंबर तीन, जंगल रामगढ़ उर्फ रजही और जंगल तिनकोनिया नंबर तीन की बेशकीमती जमीनों के खतौनी का पुनर्निर्माण करेगी। तीन माह के अंदर टीम को रिपोर्ट तैयार पेश करना था। मजिस्ट्रेट की टीम ने जांच आख्या के लिए निर्देशित किया था, लेकिन टीम अभी तक काम पूरा नहीं कर सकी। इससे प्रशासनिक जमीनें भी अभी तक फंसी हैं।शहर में तीन स्थानों पर बेशकीमती जमीनों की तलाश प्रशासन ने शुरू कर दी है। मामला 200 एकड़ जमीन का है। हाईकोर्ट के निर्देश पर जांच कर तीन महीने में पूरी कर आख्या के साथ रिपोर्ट देनी थी, लेकिन अभी तक मामला किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा है।उप जिलाधिकारी ने उच्च न्यायालय के निर्देश पर 17 जनवरी 2024 को एक टीम गठित की थी। इसमें नायब तहसीलदार के साथ आठ लेखपालों की तैनात किया गया था। इन बेशकीमती जमीनों की तलाश के लिए एक महीने का समय देते



हुए टीम का गठन किया गया, जो बीत चुका है।दरअसल, बाबू गिरधरदास के पौत्र विपुल मोहन दास की पॉवर ऑफ एटॉर्नी वाले अनिल गर्ग ने उच्च न्यायालय में 2022 में एक रिट याचिका दाखिल की थी। तर्क दिया था कि 2005 में उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के निर्देश के बाद भी शहर के रईस बाबू पुरूषोत्तम दास और बाबू गिरधरदास की महादेव झारखंडी में जमीनों के अलावा जंगल रामगढ़ उर्फ रजही और जंगल तिनकोनिया नंबर तीन की बेशकीमती जमीनों के खतौनी का पुनर्निर्माण नहीं किया गया।2 नवंबर 2023 को उच्च न्यायालय ने 2005 के राजस्व परिषद के निर्देश को पारित नहीं किए जाने का हवाला देते हुए जिला मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि खतौनी का पुर्ननिर्माण कर इसे प्रेषित करें।उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि पक्की नकल के साथ याचिकाकर्ता इसे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करेंगे। 17 नवंबर 2023 को अनिल गर्ग की तरफ से पक्की नकल के साथ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के समझ उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन के लिए पेश किया गया।

## महिला से पूछा, कहां जाना है मुंह पर मास्क लगाए युवक ने कर दी ये वारदात

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**गोरखपुर।** गोरखपुर के झंगहा इलाके के जंगल रसूलपुर नंबर दो आमघाट रोड पर बुधवार दोपहर दो बजे मदद के बहाने महिला को



रोककर लूट की वारदात की गई। बाइक सवार ने महिला को बाइक से छोड़ने के लिए रोका और मना करने पर हाथ में रखे पर्स को लूटकर फरार हो गए।गोरखपुर के झंगहा इलाके के जंगल रसूलपुर नंबर दो आमघाट रोड पर बुधवार दोपहर दो बजे मदद के बहाने महिला को रोककर लूट की वारदात की गई। बाइक सवार ने महिला को बाइक से छोड़ने के लिए रोका और मना करने पर हाथ में रखे पर्स को लूटकर फरार हो गए। उसमें 21 हजार रुपया 144 रुपया थे। घटना की सूचना के बाद एसओ झंगहा सूरज सिंह मौके पर पहुंच गए। पूछताछ के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।जानकारी के मुताबिक, उपधौलिया गांव निवासी रीता देवी पत्नी सेवा प्रसाद गांव में समूह चलाती हैं, जिसमें 24 महिलाएं है। वह समूह का एकत्र पैसा नई बाजार में कैशपार में जमा करने बुधवार दोपहर में जा रही थी। महिला ने बताया कि वह अपने गांव से पैदल ही नई बाजार आ रही थी कि आमघाट गांव के पास एक बाइक सवार जो मुंह पर मास्क लगाया था ने रोक लिया।उसने महिला से पूछा कि कहां जाना है? महिला ने बैंक जाने की बात कही, जिस पर उसने वहां पर छोड़ देने को कहा, लेकिन महिला पैदल ही जाने को कही। इतने में मौका पाकर बाइक सवार ने महिला के हाथ से पर्स छीन लिया और फरार हो गया। घटना के बाद महिला बदहवास हो गई थी। आसपास के लोगों ने उसे समझाया, जिसके बाद उसने खुद के साथ हुई घटना के बारे में जानकारी दी।राहगीरों की सूचना पर आई पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जिंदगी की जंग हार गए प्रधान संघ के अध्यक्ष 17 दिन पहले हुआ था दर्दनाक हादसा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के बरदह थाना के कुरथुआ गांव के प्रधान 17 दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में घायल हो गए थे। इलाज के दौरान लखनऊ में उनकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हे पीएचसी मार्टीनगंज ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल जौनपुर रेफर कर दिया।दो दिनों तक जौनपुर में इलाज चला और वहां से भी रेफर किए जाने पर परिजन उन्हें लखनऊ ले जाकर भर्ती



गया है। वे प्रधान संघ मार्टीनगंज के अध्यक्ष थे। ग्राम प्रधान कुरथुआ शिवाजी सिंह (35) बीते 20 फरवरी को किसी काम से विकास खंड मार्टीनगंज गए थे। वापस लौटते समय चकचवरा गांव के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में शिवाजी सिंह गंभीर कराए। जहां इलाज के दौरान बुधवार की रात उनकी मौत हो गई। मृतक प्रधान संघ मार्टीनगंज के अध्यक्ष थे। घटना से परिजनों, ग्रामीणों के साथ ही प्रधानों में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक दो पुत्रों के पिता थे। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

# पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे वाहन हुई रवाना

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** नगवां विकास खण्ड परिसर से बुधवार को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन जनपद की समस्त ग्राम पंचायत में वॉटर क्वालिटी सर्वेक्षण जल जांच जन जागरूकता कार्यक्रम सामाजिक मानचित्रण फिल्म प्रोजेक्टर वीडियो शो हॉटस्पॉट प्रदर्शनी आईईसी मटेरियल वितरण आदि जन जागरूकता के कार्यक्रमों को लेकर आज एजेंसी इन्फोटेक सॉल्यूशन ने जनपद सोनभद्र के विकास खंड नगवां में कार्यक्रम आयोजित किया कार्यक्रम में उपस्थिति ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह खण्ड विकास अधिकारी उत्कर्ष सक्सेना एवं जिला उपसमन्वयक राधा राजपूत ,सचिन राजपूत आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के बाद प्रमुख जी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर टीमों को रवाना किया गया।



# कार्यकर्ताओं ने कसी कमर अनुसूचित महासम्मेलन को वाहन हुई रवाना

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** जिला मुख्यालय स्थित सदर ब्लाक परिसर से बुधवार को अनुसूचित जाति मोर्चा के आगामी 7 मार्च को आगरा में अनुसूचित वर्ग महासम्मेलन को लेकर जाने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाई रवाना करते हुए जिला प्रभारी अनिल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, काशी क्षेत्र अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत ।जिला प्रभारी अनिल सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में अनुसूचित मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा मोदी योगी सरकार के जयकारे लगाते हुए बस को रवाना किया गया।अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारी के साथभाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता के मार्गदर्शन पर संगठन पदाधिकारी महासम्मेलन को लेकर उत्साहित दिखे और देश के चौमुखी विकास के साथ सबका साथ सबका विश्वास सबका विकास फिर एक बार भाजपा सरकार के नारों के साथ कार्यकर्ता हुए रवाना।अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष सरजू बैसवार ने सभी पदाधिकारी को बताया कि आगरा में होने वाले अनुसूचित वर्ग महासम्मेलन को लेकर संबंधित बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता महिलाओं के साथ यात्रा के लिए आज रवाना हुए जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को दिए गए जिम्मेदारियां का निर्वहन के लिए दो-तीन टीम में बना दी गई है जिससे कि रास्ते से लेकर आने जाने में किसी प्रकार से कोई दिक्कतों का सामना कार्यकर्ता पदाधिकारी को ना करना पड़ेइस मौके पर दीपचंद महतो ,मणिकर्णिका कोल ,नीरज कनौजिया, आलोक रावत, राजेश भारतीय रूपेश कुमार, राजन चौधरी, गीत देवी, पनन लाल पासवान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# पीएम मोदी के लाइव प्रसारण नारी शक्ति वन्दन कार्यक्रम

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** नारी शक्ति वन्दन के समापन के अवसर पर भारी संख्या में महिलाओं नें सुनी प्रधानमंत्री मोदी के सम्बोधन कोभाजपा सोनभद्र नगर मण्डल अध्यक्ष बलराम सोनी के नेतृत्व में मुख्यअतिथि के रूप में आये भाजपा सोनभद्र जिले के प्रभारी अनिल सिंह व राज्यसभा सांसद रामसकल के उपस्थिति में भारी संख्या में समूह की व लाभार्थी महिलाओं सहित कार्यकर्ताओं नें पश्चिम बंगाल से नारी शक्ति वन्दन कार्यक्रम के समापन के अवसर पर सम्बोधित कर रहे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्बोधन को सभी नें बड़े ही ध्यान से सुना,इस अवसर पर जिलाप्रभारी नें कहा की मोदी जी के नेतृत्व में देश की महिला काफ़ी सशक्त और विकसित हुई हैं, मोदी जी नें 33ज्ञ् प्रतिशत का आरक्षण देकर व ट्रिपल तलाक खत्म करके महिलाओं को काफ़ी मजबूती प्रदान किया है,इस अवसर नगर प्रभारी परशुराम केशरी, डूडा के पीओ राजेश उपाध्यय, महिला मोर्चा की सरोज केशरी, रूबी गुप्ता, नर्मदा केशरी, रंजन पाण्डेय, रूबी गोस्वामी, अशोक भारती, अनुपम तिवारी, अभिषेक श्रीवास्तव, धीरेन्द्र पाण्डेय, धर्मवीर त्यागी, राजबहादुर पटेल, बृजेश श्रीवास्तव, संजय गुप्ता, अमरनाथ वर्मा, सहित अन्य कई महत्वपूर्ण लोगों की उपस्थिति रही,



# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सर्प डांस का दिया संदेश

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** जिला आपदा विशेषज्ञ पवन कुमार शुक्ला ने बताया किउत्तर प्रदेश शासन, राहत आयुक्त कार्यालय लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी सोनभद्र द्वारा अनुमोदित सर्प दंश पायलट प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन हेतु दिनांक 01 मार्च, 2024 से 10 मार्च, 2024 तक जनपद के विभिन्न 10 ब्लाको रॉबर्ट्सगंज, कर्मा, चतरा, नगवा, घोरावल, चोपन, कोन, दुद्धी, म्योरपुर, बभनी में प्रत्येक ब्लॉक के तीन से चार स्थानों पर ज़िला आपदा प्रबंध प्राधिकरण सोनभद्र द्वारा नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ।उक्त नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में सर्प दंश से बचाव विषय पर विस्तृत रूप ग्राम वासीयों को प्रशिक्षित किया जा रहा है जिसमें ब्लॉक घोरावाल के पड़वनिया, शिवद्वार, कड़िया ब्लॉक कर्मा के पुरखा़स, जेठी सिरसिया, करौली चतरा के उची खुर्द, तियरा कला किचनार व नगवा ब्लॉक के मऊ कला मकरीबारी, चीरूई आदि ग्राम पंचायतों में आयोजित कर समस्त उपस्थित व्यक्तियों को विशेष रूप से साँप के काटने पर तत्काल नज़दीक के अस्पताल ले जाने व डॉक्टर द्वारा बताये गये सलाह के आधार पर प्राथमिक उपचार किए जाने पर अवगत कराया जा रहा है और साथ ही साथ झाड़ फूक सोखा ओझा आदि के चक्कर में पड़ कर जान गँवाने से बचने के प्रति जागरूक किया जाता है।

# बिना परमिट के वाहनों को पास कराने वाला शातिर, अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।**पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के पर्यवेक्षण तथा कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों व अवैध खनिज के परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 47/2024 धारा- 419,420 भादवि व 3 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम में वांछित अभियुक्त अमित कुमार मिश्रा उर्फ महादेव पुत्र मदन मोहन मिश्रा निवासी ग्राम बहुअरा थाना रावट्र्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 24 वर्ष को आज दिनांक 06.03.2024 को समय करीब 11.50 बजे केवटा मोड़ से गिरफ्तार किया गया । विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है । घटना / पूछताछ का विवरणः- अभियुक्त द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि वह करीब पांच छः वर्ष पहले गिट्टी /बालू की गाडि़यों को पास कराता था लेकिन बीच में इस काम को छोड़ दिया तथा शोरूम चंड़ी होटल में अपने भाई के साथ मिलकर बाईक ब्रोकर का काम करता था किन्तु पुनः करीब दो महीने से अपने काम को छोड़कर गिट्टी बालू के गाडि़यों को पास कराने में लग गया । इसके द्वारा ही दिनांक 27.02.2024 को वाहन संख्या ळइ65थ्ऊ9632 के वाहन स्वामी लोकेश यादव व चालक अजय पाल पुत्र श्री अंगद पाल निवासी भवानीपुर मधुपुर थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र से सम्पर्क कर बिना परमिट चेक कराये ही लोढी खनन वैरियर से पास कराया गया था और दोबारा उसी परमिट पर परिवहन किये जाने हेतु बताया गया था । गाडी पास कराने के एवज में इसके द्वारा प्रति चक्कर पाँच हजार रूपया लिया जाता है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण - 1.अमित कुमार मिश्रा उर्फ महादेव पुत्र मदन मोहन मिश्रा निवासी ग्राम बहुअरा थाना रावट्र्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 24 वर्ष ।अभियुक्त का पूर्व आपराधिक इतिहास-1.मु0अ0सं0- 24/2022 धारा- 3/25 आयुध अधिनियम थाना रावट्र्सगंज जनपद सोनभद्र।गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण -1.प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह थाना चोपन जनपद सोनभद्र । 2.उ0नि0 विमलेश कुमार सिंह चौकी प्रभारी गुरमा थाना चोपन जनपद सोनभद्र ।



# अर्धवार्षिक निरीक्षण कर एडिशनल एसपी ने दिया निर्देश

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा महिला थाना रॉबर्ट्सगंज का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया । अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के महिला थाना में आगमन पर महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सविता सरोज व पुलिस की सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गयी जिसका अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय द्वारा गार्द का अभिवादन स्वीकार कर गार्द का निरीक्षण किया गया । तत्पश्चात् निरीक्षण के क्रम में कार्यालय, बैरक, मेस, व पीने के पानी का बारीकि से निरीक्षण किया गया तथा मालखाना में रखे गये शस्त्रो का निरीक्षण कर शस्त्रो को थाने पर नियुक्त महिला पुलिस कमिन्यो से हैण्डलिंग (खोलना व जोडना) कराया गया । अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय द्वारा निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया ।



# 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में विंढमगंज थानाध्यक्ष को एफआईआर दर्ज कर विधि अनुरूप विवेचना का आदेश दिया है। उक्त आदेश कोन थाना क्षेत्र स्थित एक गांव निवासी पीडि़ता के नाना की ओर से अधिवक्ता रोशन लाल यादव के जरिए दाखिल धारा 156(3)सीआरपीसी के प्रार्थना पत्र पर अदालत ने दिया है।दिए प्रार्थना पत्र में नाना ने अवगत कराया है कि वह अपनी 14 वर्षीय नातिन को अपने यहां शुरू से रखकर पालन पोषण किया है और वह उसी के यहां रहती है। घटना के एक सप्ताह पूर्व वह अपनी बड़ी बहन के यहां गई थी। 27 जनवरी 2024 को दोपहर 12 बजे की घटना है। जब नातिन ने अपनी बड़ी बहन से मेरे यहां आने के लिए कही तो उसकी बड़ी बहन ने मोटरसाइकिल से जा रहे परचित विनय कुमार गुप्ता पुत्र मानिक चंद निवासी गिधिया, थाना कोन , जिला सोनभद्र पर भरोसा करके कोन बाजार तक ले जाकर छोड़ने के लिए कह दिया। जब कोन की ओर न जाकर विंढमगंज की ओर ले जाने लगा तो पीडि़ता ने उसे रोका तो उसने कहा कि कुछ विंढमगंज काम है उसके बाद छोड़ देंगे। इसके बाद जंगल में ले जाकर उसके साथ जमीन पर पटक कर जबरन बलात्कार किया। उसके बाद उसे कचनरवा बाजार में छोड़कर भाग गया। किसी तरह नातिन खून से लथपथ हाल में उसके पास पहुंची तो सारी बात बताई। दूसरे दिन थाने जाकर सूचना दिया किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब 9 फरवरी 2024 को एसपी को रजिस्टर्ड डाक से सूचना दिया, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब मजबूर होकर न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल किया हूं।अदालत ने थाने से रिपोर्ट मंगाया तो कोई एफआईआर दर्ज होना नहीं पाया गया। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने प्रथमदृष्टया संज्ञेय अपराध मानते हुए विंढमगंज थानाध्यक्ष को एफआईआर दर्ज कर विधि अनुरूप विवेचना का आदेश दिया है।

# लोकसभा तैयारी को मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड ने दी जिम्मेदारी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** लोकसभा तैयारी के लिए मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष सत्यम पांडे ने बैठक कर रणनीति बनाई।मंगलवार को समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर बैठक की गई बैठक को संबोधित करते पांडे ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीश राजा ने हम नौजवान को जो जिम्मेदारी दी है उसे हम नौजवान लोकसभा चुनाव में एक-एक घर-



हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने कहा कि समाजवादी पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो हर समाज को सम्मान देने का काम करती है त् समाजवादी पार्टी हमेशा हर समाज के नौजवानों को आगे बढ़ने का काम किया है त् बैठक को संबोधित करते हुए मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष सत्यम घर जाकर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जीतने के लिए अपनी जिम्मेदारी को निभाने का काम करेंगे त् बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष विजय यादव संजय यादव पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा नौजवानों गरीबों मजदूरों किसानो अल्पसंख्यकों की लड़ाई लड़ने का काम किया है और हमेशा लड़ाई लड़ने का काम करेगी ।



# धर्मशाला में देवदत्त पडिक्कल को मिला डेब्यू का मौका और टूट गया भारतीय क्रिकेट का 24 साल बाद पुराना रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**


**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच धर्मशाला में खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम ने प्लेइंग-11 में दो बदलाव किए।पांचवें टेस्ट में देवदत्त पडिक्कल के डेब्यू के साथ ही भारतीय क्रिकेट का 24 साल पुराना रिकॉर्ड भी टूट गया। बता दें कि ऐसा पहली बार हो रहा है जब भारतीय सरजमीं पर एक सीरीज में भारत के 5 खिलाड.ियों ने डेब्यू किया। देवदत्त पडिक्कल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में डेब्यू करने वाले पांचवें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।जसप्रीत बुमराह की वापसी की वजह से आकाश दीप को बाहर का रास्ता दिखाया गया, जबकि रजत पाटीदार एक दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान इंजर्ड हो गए थे। ऐसे में उनकी जगह देवदत्त पडिक्कल को डेब्यू का मौका मिला है। बीसीसीआई ने अपने एक्स पर यह जानकारी दी है।देवदत्त पडिक्कल के डेब्यू के साथ ही भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया। भारतीय क्रिकेट का 24 साल पुराना रिकॉर्ड धवस्त हो गया है।दरअसल, रोहित शर्मा ने जब पांचवें टेस्ट के लिए प्लेइंग-11 का एलान करते हुए बताया कि देवदत्त पडिक्कल को डेब्यू का मौका मिला है, तो इस दौरान भारतीय क्रिकेट का 24 साल पुराना रिकॉर्ड भी टूट गया। बता दें कि ऐसा पहली बार हो रहा है जब भारतीय सरजमीं पर एक सीरीज में भारत के 5 खिलाड.ियों ने डेब्यू किया।देवदत्त पडिक्कल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में डेब्यू करने वाले पांचवें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले इस सीरीज में रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल और आकाशदीप को भी डेब्यू करने का मौका मिला है।



# सचिन मास्टर्स 11 ने रोमांच से भरे मैच में अक्षय खिलाड़ी को रौंदा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** भारत में एक और क्रिकेट लीग की शुरुआत हो गई। इस बार बात जरा हटके है क्योंकि लीग लेदर बॉल नहीं बल्कि टेनिस से खेली जाएगी। जी हां, इंडियन ट्रीट प्रीमियर लीग का बुधवार को मुंबई के ठाणे में बने दादोजी कोंडादेव स्टेडियम में रंगारंग आगाज हुआ। क्रिकेट फैंस अब टेनिस बॉल क्रिकेट का मजा स्टेडियम के अंदर बैठकर उठा सकेंगे और इसके लाइव प्रसारण का आनंद भी टीवी पर उठा सकते हैं।इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग 2024 का बुधवार को मुंबई के ठाणे में दादोजी कोंडादेव स्टेडियम में शानदार आगाज हुआ। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की टीमों के बीच एक प्रदर्शन मैच खेला गया। टेनिस बॉल से खेला गया 10 ओवर का यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा जिसमें सचिन की मास्टर्स को आखिरी गेंद पर जीत मिली।महान बल्लेबाज



सचिन तेंदुलकर और बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन भी इस लीग का जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं, जिसके बाद यह लगने लगा है कि आईएसपीएल इस देश में कुछ अनोखा कारनामा करके दिखाएगी। वैसे, यह कहना जल्दबाजी होगी कि इस टेनिस लीग का भविष्य क्या है, लेकिन आईपीएल की तर्ज पर शुरू की गई लीग का एक्शन रोमांच से भरपूर रहने वाला है। इसका सबूत प्रदर्शनी मैच में देखने को मिला, जो सचिन तेंदुलकर और अक्षर कुमार की टीम के बीच खेला गया।सचिन मास्टर्स का मुकाबला अक्षय खिलाड़ी से हुआ। इस मुकाबले का टॉस अलग अंदाज में हुआ, जिसमें अक्षय कुमार ने बाजी मारी और फील्डिंग का फैसला किया। सचिन तेंदुलकर ने तब एक घोषणा करके फैंस का दिल जीत लिया।

# बिग बॉस विनर ने चटकाया सचिन तेंदुलकर का विकेट, किसी को नहीं हुआ यकीन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (2024) के पहले सीजन का



आगाज बुधवार से हो गया। पहला मैच सचिन तेंदुलकर की टीम मास्टर्स इलेवन और अक्षर कुमार की खिलाड़ी इलेवन के बीच खेला गया। मास्टर्स इलेवन ने खिलाड़ी इलेवन को 5 रन से मात दी।2024 पहले बल्लेबाजी करते हुए सचिन की टीम ने 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाए। सचिन तेंदुलकर ने 17 गेंद में 30 रन की विस्फोटक पारी खेली। सचिन ने अपनी पारी के दौरान अक्षय कुमार की एक गेंद पर गगनचुंबी छक्का लगाया। वहीं सचिन का विकेट बिग बॉस विनर मुनव्वर फारूकी ने हासिल किया।पहले बल्लेबाजी करते हुए सचिन की टीम ने 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाए। सचिन तेंदुलकर ने 17 गेंद में 30 रन की विस्फोटक पारी खेली। सचिन ने अपनी पारी के दौरान अक्षय कुमार की एक गेंद पर गगनचुंबी छक्का लगाया। वहीं, सचिन का विकेट बिग बॉस विनर मुनव्वर फारूकी ने हासिल किया।सचिन तेंदुलकर का विकेट लेने के बाद मुनव्वर फारूकी की खुशी झूम उठे। उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर का विकेट लिया है। वहीं, मास्टर ब्लास्टर भी मुस्कान के साथ पवेलियन लौटे। कमेंटेटर ने कहा कि सचिन के आउट होने पर स्टेडियम में सननटा छा गया है। वहीं, मास्टर्स इलेवन की तरफ से सचिन के अलावा यूसुफ पठान ने ताबतोड़ पारी खेली। यूसुफ पठान ने 10 गेंद पर 21 रन बनाए।बात करें मैच की तो लक्ष्य का पीछा करते हुए खिलाड़ी इलेवन 10 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 89 रन ही बना सकी। खिलाड़ी इलेवन की तरफ से मुनव्वर फारूकी ने 26 गेंद पर 26 रन की पारी खेली। वहीं, इरफान पठान ने 8 गेंद पर नाबाद 32 रन बनाए। हालांकि, पठान की यह आतिशी पारी भी टीम को जीत नहीं दिला सकी।

# गुजरात जायंट्स को मिली पहली जीत, बेंगलुरु को 19 रन से दी मात

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** गुजरात जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर 19 रन की शानदार जीत के साथ अपनी चार मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया है। बुधवार




को दिल्ली में चल रहे महिला प्रीमियर लीग (ॅच्स्) 2024 में अपनी पहली जीत दर्ज की। गुजरात जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 199 रन का स्कोर बनाया। आरसीबी 8 विकेट 180 रन ही बना सकी।गुजरात ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लौरा वोल्वाड्र्ट और बेथ मूनी ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। लौरा और मूनी के बीच 140 रन की साझेदारी हुई। लौरा वोल्वाड्र्ट ने 45 गेंद पर 76 रन की पारी खेली। वहीं कप्तान बेथ मूनी ने 51 गेंद पर नाबाद 85 रन की पारी खेली। लिचफील्ड ने 18 रन का योगदान दिया।गुजरात ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लौरा वोल्वाड्र्ट और बेथ मूनी ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। लौरा और मूनी के बीच 140 रन की साझेदारी हुई। लौरा वोल्वाड्र्ट ने 45 गेंद पर 76 रन की पारी खेली। वहीं, कप्तान बेथ मूनी ने 51 गेंद पर नाबाद 85 रन की पारी खेली। लिचफील्ड ने 18 रन का योगदान दिया।आरसीबी की तरफ से सोफी डिवाइन ने 3 ओवर में 0/37 और रेनुका ठाकुर 4 ओवर में 0/34 रन लुटाए। मोलिनक्स ने 4 ओवर में 32 रन देकर एक विकेट लिया। वेयरहैम ने 4 ओवर में 36 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। आरसीबी की तरफ से कप्तान स्मृति मंधाना ने सात गेंदबाजों से गेंदबाजी कराई। गुजरात के तीन बल्लेबाज रन आउट हुए।लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की शुरुआत बेहद खराब रही। मेघना के रूप में पहला झटका लगा। मेघना 4 रन बनाकर रन आउट हुईं। स्मृति मंधाना ने 24 रन का योगदान दिया। एलिस पेरी भी कुछ खास नहीं कर सकीं और 24 रन बनाकर आउट हो गईं। सोफी डिवाइन ने 23 रन का योगदान दिया। ऋचा घोष ने 30 की तेज पारी खेली।

# हमारे शर्मा जी राहुल द्रविड़ ने बताया कौन है टीम का सबसे शरारती खिलाड़ी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच धर्मशाला में खेला जाएगा। इससे पहले 5 मार्च से बिलासपुर के लुहणू स्थित क्रिकेट मैदान में खेल महाकुंभ की शुरुआत की गई। इसमें भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने हिस्सा लिया। खिलाडि.यों को मोटिवेट करने के दौरान राहुल ने बताया कि रोहित टीम के सबसे शरारती खिलाड़ी हैं केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने 5 मार्च को बिलासपुर के लुहणू में संसद खेल



महाकुंभ 3.0 का शुभारंभ किया। इस दौरान भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान रोहित और राहुल द्रविड़ ने खूब मस्ती की। इसी दौरान राहुल द्रविड़ से टीम के सबसे शरारती खिलाड़ी के बारे में सवाल किया गया।दरअसल, 5 मार्च को केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बिलासपुर के लुहणू में संसद खेल महाकुंभ 3.0 का शुभारंभ किया। इस दौरान भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान रोहित और राहुल द्रविड़ ने खूब मस्ती की। इसी दौरान राहुल द्रविड़ से टीम के सबसे शरारती खिलाड़ी के बारे में सवाल किया गया।बता दें कि 7 मार्च से भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट मैच धर्मशाला में खेला जाएगा। भारत ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है।

# 100 टेस्ट मैच खेलने वाले भारत के 14वें खिलाड़ी बनेंगे अश्विन 92 साल में 4 भारतीय गेंदबाज कर पाए हैं ऐसा कमाल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन धर्मशाला में अपने टेस्ट करियर का 100वां मैच खेलने उतरेंगे। वह 100 टेस्ट खेलने वाले भारत के 14वें खिलाड़ी बनेंगे। अश्विन यह मुकाम हासिल करने वाले दुनिया के 77वें खिलाड़ी होंगे।अश्विन भारत के 92 साल के टेस्ट इतिहास में केवल पांचवें गेंदबाज होंगे जो 100 या उससे ज्यादा टेस्ट खेलेंगे। अश्विन से पहले अनिल कुंबले कपिल देव ईशांत शर्मा और हरभजन सिंह ने यह उपलब्धि हासिल की है। अश्विन के अलावा इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का भी यह 100वां टेस्ट मैच होगा। वह 100 टेस्ट खेलने वाले 17वें अंग्रेज खिलाड़ी बनेंगे।इसके अलावा अश्विन भारत के 92 साल के टेस्ट इतिहास में केवल पांचवें गेंदबाज होंगे, जो 100 या उससे ज्यादा टेस्ट खेलेंगे। अश्विन से पहले अनिल कुंबले, कपिल देव, ईशांत शर्मा और हरभजन सिंह ने यह उपलब्धि हासिल की है। अश्विन के अलावा इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का भी यह 100वां टेस्ट मैच होगा। वह 100 टेस्ट खेलने वाले 17वें अंग्रेज खिलाड़ी बनेंगे।अश्विन से पहले 100 टेस्ट खेलने की उपलब्धि 13 भारतीय खिलाड़ी हासिल कर चुके हैं। इस लिस्ट में टॉप पर सचिन तेंदुलकर मौजूद हैं। दूसरे नंबर पर टीम इंडिया के मौजूदा हेड कोच राहुल द्रविड़ हैं। एक्टिव भारतीय खिलाडि.यों की बात करें तो विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा और ईशांत शर्मा अश्विन से पहले इस मुकाम तक पहुंच चुके हैं। हालांकि, ईशांत शर्मा ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 2021 में खेला था।बता दें कि भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा। भारत सीरीज में 3-1 से आगे है। आखिरी मुकाबला जीतकर भारत यह सीरीज खत्म करने की कोशिश करेगा। वहीं, इंग्लैंड जीत के साथ विदाई लेना चाहेगा।



# नजमुल हसन शान्तो के नाबाद अर्धशतक से जीता बांग्लादेश, श्रीलंका को 8 विकेट से मात देकर सीरीज की बराबर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** सिलहट में खेले गए दूसरे टी20 मैच में बांग्लादेश ने श्रीलंका को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। बांग्लादेश की इस जीत के साथ 3 मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शान्तो ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 165 रन का स्कोर बनाया था।मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने शानदार शुरुआत की। सौम्य सरकार और लिटन दास ने पहले विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी की। मथीशा पथिराना ने 26 के निजी स्कोर पर सौम्य सरकार को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। टीम का स्कोर अभी 83 रन पर पहुंचा ही था कि पथिराना ने लिटन दास को 36 के स्कोर पर आउट कर दिया।मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने शानदार शुरुआत की। सौम्य सरकार और लिटन दास ने पहले विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी की। मथीशा पथिराना ने 26 के निजी स्कोर पर सौम्य सरकार को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। टीम का स्कोर अभी 83 रन पर पहुंचा ही था कि पथिराना ने लिटन दास को 36 के स्कोर पर आउट कर दिया।दो विकेट गिरने के बाद कप्तान नजमुल हसन शान्तो और तौहीद हृदय ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 87 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। नजमुल हसन शान्तो ने नाबाद 53 रन बनाए। वहीं, तौहीद हृदय ने नाबाद 32 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से मथीशा पथिराना को दो विकेट मिले। इसके अलावा और कोई गेंदबाज विकेट नहीं ले सका।इससे पहले श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाए थे। हालांकि, श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही। एक रन के स्कोर पर टीम ने पहला विकेट खो दिया। अविष्का फर्नांडो बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। कुसल मेंडिस के बल्ले से 36 रन निकले। कामिंदु मेंडिस ने 37 रन का योगदान दिया। सदीरा समरविक्रमा ने सात रन बनाए।



# सचिन ने आमिर को बनाया अपना आदर्श पहनी दिव्यांग खिलाड़ी के नाम की जसी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।**दुनिया में क्रिकेट टूर्नामेंट्स का जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। अलग-अलग देशों ने क्रिकेट लीग की शुरुआत की है। ऐसे में भारत में एक और क्रिकेट लीग की शुरुआत हो गई है। मुंबई में इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (घ्ळइथ्) की शुरुआत की गई। पहला मुकाबला सचिन तेंदुलकर की मास्टर इलेवन और अक्षय कुमार की खिलाड़ी इलेवन के बीच आयोजित हैं। मैच के दौरान सचिन को कश्मीर के दिव्यांग आमिर हुसैन के नाम की जर्सी पहने हुए दिखाई दिए। मैच से पहले मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने जम्मू और कश्मीर को गौरवान्वित किया। सचिन ने दिव्यांग आमिर के नाम की जर्सी पहनकर मैच खेलने का फैसला किया। टॉस के दौरान सचिन ने आमिर के नाम की टीशर्ट पहनने का खुलासा किया।मैच के दौरान सचिन को कश्मीर के दिव्यांग खिलाड़ी आमिर हुसैन के नाम की जर्सी पहने हुए दिखाई दिए। मैच से पहले मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने जम्मू और कश्मीर को गौरवान्वित किया। सचिन ने दिव्यांग आमिर के नाम की जर्सी पहनकर मैच खेलने का फैसला किया।टॉस के दौरान सचिन ने कहा कि एक दिन मुझे भी मौका मिलना चाहिए, तुम्हारे नाम की टीशर्ट पहनकर खेलने का जो मेरे लिए सम्मान की बात होगी। आमिर हुसैन सचिन के साथ ओपनिंग करते हुए दिखाई दिए।दरअसल, सचिन तेंदुलकर ने हाल ही में जम्मू और कश्मीर का दौरा किया था। वहां, उन्होंने आमिर हुसैन से मुलाकात की थी जिसका एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वह कश्मीर के दिव्यांग क्रिकेटर आमिर हुसैन से मुलाकात करते हुए नजर आ रहे थे। उन्होंने आमिर को एक बैट गिफ्ट किया था। साथ ही उनसे काफी देर तक बात की थी।बता दें कि आमिर के दोनों हाथ नहीं हैं और वह कंधें और गर्दन के बीच बल्ले को फंसाकर बैटिंग करते हैं। वह क्रिकेट के बहुत बड़े दिवाने हैं। जनवरी में आमिर का एक वायरल हुआ था, इसमें वह सचिन के नाम की जर्सी पहने हुए बल्लेबाजी करते हुए दिखाई दे रहे थे। आमिर के इस क्रिकेट प्रेम को देखकर सचिन तेंदुलकर ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया था।





इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरुआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

# खबर सुनते ही वह टूट गया था...' राजकोट टेस्ट में किस इमरजेंसी के कारण घर चले गए थे अश्विन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** राजकोट टेस्ट मैच के दौरान आर अश्विन के अचानक घर जाने के कारण का खुलासा हो गया है। आर अश्विन की पतने प्रीति ने इसके पीछे की सच्चाई बताई। प्रीति ने खुलासा किया कि अश्विन की मां अचानक गिर गई थी। इसके चलते अश्विन को घर आना पड़ा था। उन्होंने यह भी बताया कि इसके लिए रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ से मदद मांगी गई थी।अश्विन गुरुवार से धर्मशाला में शुरू होने वाले पांचवें टेस्ट में इस प्रारूप में अपना 100वां टेस्ट मैच खेलेंगे। भारत की तरफ से 100 टेस्ट मैच खेलने वाले अश्विन 14वें खिलाड़ी होंगे। यह सीरीज अश्विन के लिए यादगार सीरीज रहेगी। जब वह 500 टेस्ट विकेट हालिल करने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने थे तो उसके कुछ ही घंटों बाद उनकी निजी जिंदगी में उथल-पुथल मच गई थी।दरअसल, राजकोट टेस्ट मैच के दौरान तीसरे दिन उन्हें मैच बीच में ही छोड़कर घर लौटना पड़ा था। हालांकि, वह चौथे दिन फिर टीम में दोबारा शामिल हुए। अब अश्विन के 24 घंटे के लिए टीम से गायब रहने के कारण का खुलासा हुआ है। अश्विन की पतने प्रीति ने बताया कि उनकी सास बीमार हो गईं थी। इसके चलते अश्विन को चेनन्ई जाना पड़ा था।द इंडियन एक्सप्रेस के लिए एक कॉलम में प्रीति ने लिखा, उनके 100वें टेस्ट को लेकर उत्साह के विपरीत, जब वह 499 विकेट पर थे तो एक परिवार के रूप में हम बहुत सहमे हुए थे। ऐसा इसलिए था क्योंकि अश्विन ने इसके बारे में बात नहीं की थी। राजकोट के दौरान, बच्चे स्कूल से वापस आए ही थे कि पांच मिनट बाद, वह 500 तक पहुंच गए और हम सभी फोन पर सभी बधाई संदेशों का जवाब दे रहे थे।प्रीति ने आगे लिखा, तभी मैंने आंटी की अचानक चीख सुनी जब वह गिर पड़ीं और कुछ ही समय में हम अस्पताल में थे। उस समय हमने अश्विन को नहीं बताने का फैसला किया था, क्योंकि चेनन्ई और राजकोट के बीच अच्छी उड़ान कनेक्टिविटी नहीं थी।



# सम्पादकीय

## स्वेज नहर की कहानी से कुछ इस तरह जुड़ा है नेपोलियन का नाम

साल 1798...इजिप्ट पर नेपोलियन के हमले का दौर। बर्तानवी नौसेना से हार, प्लेग से बीमार फौज और फ्रांस से मदद मिलने में देरी के कारण नेपोलियन का मध्य पूर्व अभियान हादसा बनकर इतिहास में दर्ज हो गया। अलबत्ता उसके साथ आए थे वैज्ञानिक और इंजीनियर, जिन्होंने भूमध्य सागर को हिंद महासागर से जोड़ने वाले रास्ते की एक बुनियादी पैमाइश कर ली थी। एक नहर जैसा कुछ बनाने की तैयारी थी नेपोलियन की, जो बनी तो, मगर कुछ अजीबोगरीब ढंग से।इतिहास बोलता है कि 19वीं सदी के मध्य में ब्रिटिश हुकूमत भूमध्य सागर को फारस की खाड़ी से जोड़ने का एक रास्ता बनाना चाहती थी। बर्तानवी सेना के अधिकारी फ्रांसिस रॉडन चेसने की इस योजना के लिए ब्रिटिश पालिय्यामेंट ने बाकायदा बजट को मंजूरी दी थी। तब स्वेज नहर की तामीर नहीं हुई थी। चेसने की योजना तो परवान नहीं चढ़ी, मगर स्वेज साकार हो गई। विश्व की सबसे अनोखी मानव निर्मित नहर से यूरोप को भारत और एशिया से जोड़ने का रास्ता खुला। लाल सागर के रास्ते और स्वेज पर बन रहे इतिहास के नए अध्याय से पहले तक इस समुद्री रास्ते से हर साल करीब 18,000 जहाज गुजरते थे। स्वेज विश्व व्यापार की प्रमुख धमनी है, जिसके बंद होने से अब जहाज अफ्रीका की परिक्रमा करते हुए उस पुराने और लंबे रास्ते से जा रहे हैं, जहां केप ऑफ गुड होप में अटलांटिक और हिंद महासागर मिलते हैं। इस रास्ते से वास्कोडिगामा भारत आया था।स्वेज और रेड सी जैसा इतिहास दुनिया के किसी भूगोल के पास नहीं है। इजिप्ट के 12वें फराओ सेन्यूसिरेट ने ईसा से करीब 1,800 साल यहां एक समुद्री नहर की बुनियाद रखी थी। फराओ पूर्व और पश्चिम को व्यापार के लिए जोड़ना चाहते थे। इस पुरानी नहर के प्रमाण आज भी स्वेज शहर के पास मौजूद हैं। बाद के दशकों में बालू जमने से यह नहर बंद हो गई।ईसा पूर्व 285 में टॉलेमी सेकेंड ने नहर की रेत साफ कराई और व्यापार मार्ग फिर चल पड़ा। लेकिन सन 400 में बायजेंटइन शासकों ने इस मार्ग को फिर भुला दिया। रेत जमने से नहर बंद हो गई। सन 641 में अमर इब्न अल एसा ने नहर खोली। भूमध्य सागर व लाल सागर के बीच आवाजाही शुरू हो गई। सन 760 में अब्बासीद खलीफा अबू जफर अल मंसूर ने नहर बंद कर दी। इसमें रेत भर दी गई। इसके बाद अगले 1,100 सालों तक भूमध्य सागर से लाल सागर के बीच कारोबार जमीनी रास्तों से हुआ।इतने रोमांचक किस्से हैं इस भूगोल के पास कि नेटफ्लिक्स के धारावाहिक बन सकते हैं। तो आइए बैठिए टाइम मशीन में। हम आपको ले चलते हैं एक ऐसे दौर में, जहां आप मिलेंगे दुनिया की सबसे अनोखी कंपनी से, विश्व के सबसे अजीबोगरीब अधिग्रहण से, इतिहास को बदलने वाले एक युद्ध से और ऐसे प्रधानमंत्री से, जिसकी वजह से ब्रिटेन की ताकत हमेशा के लिए डूब गई। हम टाइम मशीन में अपनी यात्रा शुरू करते हैं।... और लीजिए यह टाइम मशीन आपको 1798 में ले आई। यह इजिप्ट पर नेपोलियन के हमले का दौर है। फ्रांस को भूमध्य सागर के इलाके में ब्रिटेन का दबदबा तोड़ना था। दूसरा निशाना था भारत के साथ ब्रिटेन का कारोबार, जिस पर नेपोलियन कब्जा करना चाहता था। बर्तानवी नौसेना से हार, प्लेग से बीमार फौज और फ्रांस से मदद मिलने में देरी के कारण नेपोलियन का मध्य पूर्व अभियान हादसा बनकर इतिहास में दर्ज हो गया। अलबत्ता उसके साथ आए थे वैज्ञानिक और इंजीनियर, जिन्होंने भूमध्य सागर को हिंद महासागर से जोड़ने वाले रास्ते की एक बुनियादी पैमाइश कर ली थी। एक नहर जैसा कुछ बनाने की तैयारी थी नेपोलियन की, जो बनी तो, मगर कुछ अजीबोगरीब ढंग से।मगर असली रोमांच तो अब आएगा, आप मिलेंगे फिर्डनांड डे लेस्पस से। इस डिप्लोमेट ने अलेक्जेंड्रिया में तैनाती के दौरान स्वेज को लेकर नेपोलियन के इंजीनियरों की योजना का अध्ययन किया था। नवंबर, 1854 में उन्होंने इजिप्ट के वायसराय सईद पाशा से स्वेज के संकरे समुद्री रास्ते को खोदने की इजाजत ले ली। अब भूमध्य व लाल सागर को जोड़ने वाला रास्ता बनने वाला था। लेस्पस ने एक अनोखी कंपनी बनवा दी, जिसका नाम था यूनिवर्सल कंपनी ऑफ मैरीटाइम कैनाल ऑफ स्वेज। इस कंपनी का मालिक अकेला इजिप्ट नहीं था, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रिया और रूस भी हिस्सेदार थे।बाद में इन देशों का हिस्सा इजिप्ट ने खरीद लिया था। दस साल बाद 18 अगस्त, 1869 को भूमध्यसागर और लाल सागर का मिलन हुआ। अब टाइम मशीन हमें 1875 में ले आई है, जहां इस भूगोल का यह हिस्सा एक अजीब इतिहास से मुखातिब होता है। हुआ यूं कि इजिप्ट के वायसराय इस्माइल पाशा की हुकूमत आर्थिक मुसीबतों में घिर गई। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बेंजामिन डिजरेली को मौका मिला।

## हरियाणा बोर्ड एग्जाम में ऐसे हो रही नकल

हरियाणा बोर्ड एग्जाम से दीवारों पर लटककर पचिर्यां पहुंचाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, वीडियो में कई लोग बांस की सहायता से स्कूल के रोशनदानों तक नकल की पचिर्यां पहुंचाते नजर आ रहे हैं।देश के कई राज्यों में परीक्षा के दौरान नकल को लेकर कई चौंकाने वाले मामले सामने आए हैं। ऐसे में परीक्षा के दौरान नकल को लेकर सरकार की ओर से लगातार कवायद की जाती रही है। हालांकि नकल रोकने में यह इंतजाम पूरी तरह से कारगर साबित नहीं हो पाते हैं।हाल ही में हरियाणा के नूंह जिले से एक ऐसे मामला सामने आया है। जिसमें लोग अपनी जान की परवाह किए बिना अभ्यर्थिर्यों को नकल के लिए पचिर्यां पहुंचाते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में लोग दीवारों पर लटककर तो कहीं बांस की सहायता से स्कूल के रोशनदानों तक नकल की पचिर्यां पहुंचा रहे हैं।नूंह जिले के यासीन मेव सीनियर सेकेंडरी स्कूल और तावडू शहर के चंद्रावती स्कूल में बोर्ड परीक्षाओं के दौरान जमकर नकल हो रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो ने नकल रोकने के दावों और हकीकत का फर्क लोगों को समझा दिया है। हालांकि परीक्षा शुरू होने के कुछ समय बाद ही परीक्षा केंद्रों से फोटो खींचकर पेपर आउट करने की सूचना सामने आ गई थी।नकलची इस तरह दीवारों पर लटके हुए थे कि अगर वे गिरते तो जान बचाना मुश्किल होता, लेकिन इस बात की चिंता किए बिना वे अपने साथियों को नकल कराने में लगे हुए थे। नकल करने के इस वीडियो का ने अपने एक्स पर साझा किया है।वीडियो में आप तावडू शहर में परीक्षा केंद्र पर नकलचियों का हुजूम देख सकते हैं। परीक्षा के दौरान नकलचियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना अभ्यर्थिर्यों को नकल कराने के लिए अपना पूरा जोर लगा दिया।



# संवाद की भाषा बदल रहे हैं 'मीम', जागरूकता के अभाव में बन रहे हैं चरित्र हनन का जरिया

आज रोज लगभग दस लाख मीम शेयर किए जाते हैं, लेकिन पर्याप्त इंटरनेट जागरूकता के अभाव में ये चरित्र हनन का एक बड़ा जरिया बन रहे हैं।इंटरनेट ने लोक व लोकाचार के तरीकों को काफी हद तक बदल दिया है। बहुत-सी परंपराएं और बहुत सारे रिवाज अब अपना रास्ता बदल रहे हैं। यह प्रक्रिया इतनी तेज है कि नया बहुत जल्दी पुराना हो जा रहा है। अब शब्द नहीं भाव और परिवेश बोल रहे हैं। जहां संचार के लिए न तो भाषा विशेष को जानने की अनिवार्यता है और न ही वर्तनी व व्याकरण की बंदिशें। तस्वीरें सार्वभौमिक भाषा बनकर उभर रही है। दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाला व्यक्ति तस्वीरों और वीडियो के माध्यम से अपनी बात दूसरों तक पहुंचा पा रहा है। जाहिर है, इंटरनेट के कारण हम एक ऐसे युग के साक्षी बन रहे हैं, जो अपने आप में अनूठा है।संवाद के इसी माध्यम के रूप में युवा पीढ़ी में तेजी से लोकप्रिय होती शैली है 'मीम'। पिछले कई वर्षों में, इंटरनेट उपयोगकर्ताओं ने नए शॉर्टहैंड बनाकर तेजी से संवाद के तरीके विकसित किए हैं। बीटीडब्ल्यू और एलओएल जैसे संक्षिप्त रूप इंटरनेट उपयोगकर्ताओं द्वारा बनाए गए नए शब्दकोष का हिस्सा हैं। इमोटिकॉन्स, या टेक्स्ट-आधारित एक्सप्रेशन भी लोकप्रिय मीम बन गए हैं। मीम के विषय कुछ भी हो सकते हैं, जैसे ब्लॉग या अन्य वेबसाइटों द्वारा लोकप्रिय हुए लोग, स्थान या जानवर या सार्वजनिक घोटाले में शामिल कोई राजनेता या सेलिब्रिटी।मीम की आधुनिक परिभाषा इसे एक विनोदी छवि, वीडियो, किसी टेक्स्ट (पाठ) का टुकड़ा या एनीमेटेड तस्वीर (जीआईएफ) बताती है, जो सोशल मीडिया पर अक्सर थोड़े बदलाव के साथ प्रसारित होता है। मीम्स



कोई भी बना सकता है और ये किसी भी चीज के बारे में हो सकते हैं-वर्तमान घटनाओं से लेकर किन्हीं भी सांसारिक कार्यों तक, जिनमें राजनीतिक सांस्कृतिक और फिल्म के संदर्भ शामिल होते हैं। मीम की लंबाई अलग-अलग होती है, क्योंकि वे छवियों, प्रतीकों, पाठ, वीडियो या जीआईएफ का रूप ले सकते हैं। वे एक छवि या वाक्यांश जितने छोटे हो सकते हैं और एक विस्तृत कथा के साथ कई मिनट के वीडियो जितने लंबे भी। कुछ मीम्स की लोकप्रियता क्षणिक होती है, जबकि कुछ वर्षों तक टिके रहते हैं।मीम्स की अवधारणा की जड़ें जीवविज्ञानी रिचर्ड डॉकिन्स की 1976 में प्रकाशित किताब द सेल्फिश जीन से मिलती हैं। डॉकिन्स ने मीम को एक सांस्कृतिक इकाई के रूप में परिभाषित किया है, जो एक से दूसरे व्यक्ति में फैलती है, जैसे कि जीन प्रजनन के माध्यम से फैलते हैं। मीम ग्रीक शब्द माइमेमा से आया है, जिसका अर्थ है 'जिसकी नकल की जाती है।' डॉकिन्स की किताब से पता चलता है कि मीम्स के उदाहरण सदियों पुराने हैं। लेकिन इन दिनों, जब हम मीम्स के बारे में सोचते हैं, तो आमतौर पर इंटरनेट मीम्स ही दिमाग में आते हैं। पहला इंटरनेट मीम व्यापक रूप से 'डांसिंग बेबी' माना जाता है, जिसमें एक 3डी एनिमेटेड बच्चा 1990 के दशक के अंत में लोकप्रिय हुआ। इंटरनेट कंसल्टिंग फर्म रेड्शीर की एक रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में भारतीय स्मार्टफोन उपयोगकर्ता प्रतिदिन तीस मिनट का समय मीम्स देखने में बिता रहे थे।साल 2021 के मुकाबले भारत में मीम्स की खपत में अस्सी प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी शोध के अनुसार, मीम लोगों का तनाव दूर करने का एक अच्छा माध्यम बनकर उभरा है। 2021 के इंस्टाग्राम आंकड़ों से पता चलता है कि सारी दुनिया में मीम शेयरिंग में दोगुनी वृद्धि हुई है। आज रोज लगभग दस लाख मीम शेयर किए जाते हैं। फोर्ब्स के एक शोध के अनुसार, मीम विज्ञापन अभियान ई-मेल मार्केटिंग की तुलना में चौदह प्रतिशत अधिक क्लिक-थ्रू दर प्राप्त करते हैं, जो उनकी शक्तिशाली वायरल अपील और व्यापक पहुंच को प्रदर्शित करता है।हालांकि मीम का एक अवधारणा के रूप में अभी आकलन होना बाकी है, लेकिन पर्याप्त इंटरनेट जागरूकता के अभाव में मीम चरित्र हनन का भी एक बड़ा जरिया बन रहे हैं। इसके लिए लोगों को सचेत होने की जरूरत है कि मनोरंजन के लिए किसी का मजाक किस हद तक उड़ाया जाए।दूसरी समस्या सामान्य लोगों की निजता की भी है, जिनके चेहरे इंटरनेट पर किसी वजह से वायरल हो जाते हैं, वे तरह-तरह के मीम का हिस्सा बन जाते हैं। संवाद और मनोरंजन का यह नया रूप भविष्य में कैसे जिम्मेदारी से विकसित होगा, इसका फैसला होने में अभी वक्त है।

## अमीरों का क्लब बन गया है विश्व आर्थिक मंच

इस वर्ष पांच दिन तक चले विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम) के सम्मेलन में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई, उनका सामान्य जन से कोई खास सरोकार दिखाई नहीं देता। मसलन, एक सत्र में इस बात पर चर्चा हुई कि दुनिया में व्यापार और निवेश कथित रूप से कुशल साझेदारी के बजाय मित्रता के आधार पर हो रहा है। रूस-यूक्रेन संघर्ष, इस्राइल-हमास युद्ध आदि स्थितियों के कारण उनके निवेश प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए उनमें चिंता व्याप्त है।विगत 15 से 19 जनवरी के बीच विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम) का सम्मेलन दावोस (स्विट्जरलैंड) में संपन्न हुआ, जिसमें आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक और प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी हस्तियों ने हिस्सा लिया। 60 देशों के शासनाध्यक्षों के अलावा कई बड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधि, राजनेता, बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रमुख और आर्थिक जगत के अनेकानेक प्रमुख इस सम्मेलन में दिखे। वर्ष 1971 में अस्तित्व में आए इस मंच पर पिछले लगभग 53 साल से व्यापार, भू-राजनीति, सुरक्षा, सहकार, ऊर्जा से लेकर पर्यावरण और प्रकृति समेत अनेक मुद्दों पर चर्चा होती रही है, लेकिन उसके पीछे बहुराष्ट्रीय कंपनियों का अपना एजेंडा होता है।इस वर्ष पांच दिन तक चले इस सम्मेलन में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई, उनका सामान्य जन से कोई खास सरोकार दिखाई नहीं देता। मसलन, एक सत्र में इस बात पर चर्चा हुई कि दुनिया में व्यापार और निवेश कथित रूप से कुशल साझेदारी के बजाय मित्रता के आधार पर हो रहा है। रूस-यूक्रेन संघर्ष, इस्राइल-हमास युद्ध आदि स्थितियों के कारण उनके निवेश प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए उनमें चिंता व्याप्त है। इस मंच पर जिन 60 शासनाध्यक्षों ने भाग लिया, वे सभी वैश्विक भू-राजनीति में उथल-पुथल से चिंतित दिखे। बेशक उनकी चिंता वाजिब है, लेकिन आर्थिकी की चर्चा करते समय उनका ध्यान मुल्कों के बीच असमानताओं और दुनिया में गरीबी, निरक्षरता और बेरोजगारी की तरफ नहीं था। पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन पर बात तो हुई, लेकिन समाधान के लिए वैश्विक नेताओं में कोई विशेष इच्छाशक्ति दिखाई नहीं दी।पिछले कई पर्यावरण सम्मेलनों से यह स्पष्ट हो रहा है कि आज पर्यावरण पर चर्चा से ज्यादा समाधान की जरूरत है। कई वर्ष पहले विकसित देशों ने वादा किया था कि वे पर्यावरण समस्या से निपटने के लिए हर वर्ष 100 अरब अमेरिकी डॉलर की सहायता देंगे। लेकिन वह सहायता दूर-दूर तक कहीं नजर नहीं आ रही। उसी तरह से बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी अपने पास उपलब्ध प्रौद्योगिकी बिना भारी शुल्क लिए साझा करने को तैयार नहीं हैं। जो लोग दावोस बैठक में हिस्सा लेने आए, उन्होंने बिगड़ते पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से तबाही की आशंकाओं पर चर्चा तो की, लेकिन विडंबना देखिए कि उनमें से अधिकांश अपने-अपने निजी विमान से आए। जाहिर है, उससे जितनी कार्बन का उत्सर्जन हुआ, उससे वे उदासीन थे।एक हजार बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा पोषित यह मंच अपने सम्मेलनों में हिस्सा लेने वालों से फीस के रूप में मोटी रकम वसूलता है, जिसका मतलब है कि इसे सर्वसमावेशी मंच नहीं कहा जा सकता है। इसे दुनिया की उन विशालकाय कंपनियों का ही मंच कहा जा सकता है, जिनके पैसे से इसका काम चलता है। यदि वास्तव में वे दुनिया के समक्ष मौजूद समस्याओं के प्रति संवेदनशील होते, तो इसमें भाग लेने के लिए भारी-भरकम शुल्क की अनिवार्यता नहीं होती, बल्कि हाशिये पर खड़े समुदायों, पिछड़े समाजों के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं और सामान्य लोगों को भी इसमें हिस्सेदारी के लिए आमंत्रित किया जाता। शासनाध्यक्षों, सरकारों में बड़े मंत्रियों और बड़ी कंपनियों के चहेते चुनिंदा बुद्धिजीवियों की उपस्थिति इन कंपनियों के एजेंडे को वैधता प्रदान करती है। ये बहुराष्ट्रीय कंपनियां मानवता और विश्व कल्याण की चाहे कितनी भी बातें करें, इनका असली चेहरा इस सदी की सबसे बड़ी महामारी के दौरान देखने को मिला, जब फाइजर कंपनी ने अप्रभावी वैक्सीन जान बूझकर दुनिया भर में बेची। कंपनी को भली-भांति मालूम था कि उनकी वैक्सीन प्रभावी नहीं है, उसके बावजूद वह अमेरिकी सरकार के जरिये भारत पर भी दबाव बना रही थी। पिछले वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम (2023) में जब पत्रकारों द्वारा फाइजर कंपनी के प्रमुख से इस बाबत पूछा गया, तो वह कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं हुए।यह बात किसी से छिपी नहीं है कि 'गैट' समझौतों में अधिकांश समझौते बहुराष्ट्रीय कंपनियों के दबाव में हुए। ट्रिप्स समझौते में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हित में न केवल दवाओं और चिकित्सकीय उपकरणों समेत सभी प्रकार के उत्पादों पर पेटेंट की अवधि बढ़ाई गई, बल्कि प्रक्रिया पेटेंट से उत्पाद पेटेंट की व्यवस्था भी लागू की गई, जिससे दुनिया के देशों में स्वास्थ्य सुरक्षा बाधित हुई। वास्तविक एजेंडा पारदर्शी नहीं है।

## पाकिस्तान के नक्शे कदम पर नेपाल, हालिया घटनाएं दे रही हैं कुछ अहम संकेत


जिस तरह पाकिस्तान में पर्दे के पीछे सरकार गठन में सेना प्रेरक की भूमिका में थी, क्या नेपाल को ऐसी प्रेरणा चीन से मिली? नेपाली कांग्रेस ने तो नेपाल के वामपंथियों के बीच सुलह कराने के पीछे चीन का हाथ होने का संकेत दिया ही है। नेपाल में बेल्ट ऐंड रोड पहल की गति को भी एक कारक के रूप में देखा जाता है।नेपाल की ताजा घटनाएं कुछ महत्वपूर्ण संकेत देती हैं, जिनमें कुछ नई हैं, तो कुछ पुरानी। पहली बात तो यह है कि यह कुछ पाकिस्तान के घटनाक्रम जैसा है, जहां पिछले महीने चुनावी नतीजे के बाद त्रिशंकु सदन की स्थिति पैदा होने पर दूसरे और तीसरे नंबर की पार्टियों ने मिलकर नई सरकार बनाई और सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाले इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को विपक्ष में बैठने के लिए मजबूर कर दिया। ठीक उसी तरह नेपाली कांग्रेस, जिसने पिछले वर्ष चुनाव में सबसे ज्यादा सीटें जीती थीं, को सत्ता से बाहर कर दिया गया।दूसरी बात, संख्याबल के खेल ने खुद को दोहराया है, जिसमें सिद्धांतों के लिए कोई जगह नहीं है। नेपाल के लोग राजशाही से लेकर म्यूजिकल चेयर का खेल खेलने वाले राजनेताओं के बीच फंसकर रह गए हैं। नेपाली कांग्रेस के प्रमुख देउबा पांच बार और ओली दो बार प्रधानमंत्री बने हैं, जबकि प्रचंड का यह तीसरा कार्यकाल चल रहा है।तीसरी बात, जैसा कि एक समय दुनिया भर के समाजवादियों के लिए कहा गया था, वह नेपाली कम्युनिस्टों पर भी सटीक बैठता है कि वे कुछ समय के बाद साथ नहीं रह सकते और ज्यादा दिनों तक अलग भी नहीं रह सकते। विरोधी खेमे के प्रतिद्वंद्वी माओवादी, कम्युनिस्ट एवं समाजवादी अब नए सहयोगी बन गए हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या नेपाली कांग्रेस सिर्फ नेपाल ही नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में चीन के बढ़ते प्रभुत्व और सीपीएन-यूएमएल के प्रमुख केपी शर्मा ओली के कदमों से बेखबर थी? इसके अलावा, नेपाली कांग्रेस कुछ मंत्री पदों को लेकर प्रचंड के साथ अपने बढ़ते मतभेदों को दूर करने में क्यों असमर्थ रही?चौथी बात, जो महत्वपूर्ण है, वह यह कि जिस तरह पाकिस्तान में पर्दे के पीछे सरकार गठन में सेना प्रेरक की भूमिका में थी, क्या नेपाल को वह प्रेरणा चीन से मिली थी? सत्ता से बेदखल हुई नेपाली कांग्रेस ने तो नेपाल के वामपंथियों के बीच सुलह कराने के पीछे चीन के हाथ होने का संकेत दिया ही है। नेपाल में चीन के बेल्ट ऐंड रोड पहल की गति को भी एक कारक के रूप में देखा जाता है।नेपाल में इस तरह के कई बदलाव हुए हैं और नेपाल का नवीनतम सियासी घटनाक्रम इन सभी कारकों का संयोजन प्रतीत होता है। पुष्प कमल दहल प्रचंड ने, जो दिसंबर, 2022 में ओली के सीपीएन-यूएमएल के समर्थन से प्रधानमंत्री बने थे, कुछ ही महीनों के बाद ओली के साथ गठबंधन तोड़कर नेपाली कांग्रेस से हाथ मिला लिया था। इस बार, कुछ परियोजनाओं के लिए बजट आवंटन के मुद्दे पर माओवादी सेंटर और नेपाली कांग्रेस के नेता और वित्त मंत्री महत और प्रचंड के बीच मतभेद बढ़ गए।इसके अलावा, नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष देउबा चाहते थे कि उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता और नवनिर्वाचित विधायक कृष्णा सितौला को नेशनल एसेंबली का अध्यक्ष बनाया जाए, जबकि प्रचंड अपनी पार्टी के सदस्य को इस पर रखना चाहते थे। लगता है कि ओली ने इसी मतभेद का फायदा उठाया। अपने नए स्वरूप में यह सरकार भी ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है। मौजूदा संसद का कार्यकाल अब मात्र तीन वर्ष बचा है। पिछले चुनाव में त्रिशंकु सदन की स्थिति में सांसदों की खरीद-फरोख्त हुई और लगातार राजनीतिक अस्थिरता बनी रही।जहां तक चीन का सवाल है, उसने उसी दिन तुरंत अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'बीजिंग नई सरकार के साथ काम करने को इच्छुक है...हमें उम्मीद है कि नेपाल में सभी दल एकजुट होंगे और नई सरकार के गठन, राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और लोगों की आजीविका में सुधार से संबंधित कार्यों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने के लिए सहयोग करेंगे।'नेपाल के दूसरे बड़े पड़ोसी भारत ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। नेपाल का घटनाक्रम तब सामने आया है, जब भारत हिंद महासागर में मालदीव के सख्त रवैये से जूझ रहा है। नेपाल में हुआ बदलाव बिल्कुल आश्चर्यजनक या अचानक नहीं है। नेपाली कांग्रेस और प्रचंड की पार्टी माओवादी सेंटर के बीच लंबे समय से मंत्रिमंडल में फेरबदल और नेशनल एसेंबली के अध्यक्ष पद को लेकर मतभेद गहरा रहे थे। प्रधानमंत्री प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेताओं के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा था कि नेपाली कांग्रेस अध्यक्ष देउबा अच्छा प्रदर्शन न करने वाले मंत्रियों को बदलने की उनकी योजना में सहयोग नहीं कर रहे हैं।जहां तक नेपाल के साथ भारत के संबंधों की बात है, दोनों देशों द्वारा दीर्घकालिक बिजली साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर करने के एक महीने बाद भी दोनों पक्ष ऐतिहासिक पंचेश्वर बहुद्देशीय परियोजना (पीएमपी) पर रुकी हुई बातचीत को आगे बढ़ाने में विफल रहे हैं। पिछले महीने भारतीय विदेश सचिव विनय मोह क्वात्रा अपने नेपाली समकक्ष सेवा लम्सल से काठमांडू में मुलाकात के बाद एक प्रेस नोट जारी करते हुए बताया था कि दोनों पक्षों ने बहुआयामी सहयोग पर चर्चा की। हालांकि उसमें पीएमपी का कोई संदर्भ नहीं था, जो दोनों पक्षों के बीच अब तक की सबसे बड़ी द्विपक्षीय बिजली परियोजना है।आगे की द्विपक्षीय वार्ता से भी कोई मदद नहीं मिली। नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने रायसीना डायलॉग में हिस्सा लिया और वह अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में भी पहुंचे थे। इस तरह की भागदारी के साथ सदियों पुरानी सांस्कृतिक निकटता भी कूटनीति में मददगार साबित नहीं हुई। भारत भी नेपाल से और अधिक बिजली खरीदने के लिए तैयार नहीं है। रिपोर्टों से पता चलता है कि दोनों पक्ष लाभ के बंटवारे पर सहमत नहीं हो पा रहे है, इसलिए परियोजना रुकी हुई है।हालांकि बिजली समान रूप से बांटी जाती है, लेकिन भारत को सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण में बड़ा लाभ मिलता है। दूसरी तरफ नेपाल पानी को 'सफेद सोना' समझता है और चाहता है कि इसके लिए भारत उसे भुगतान करे। भारत इस दावे को स्वीकार नहीं कर सकता, क्योंकि यह अन्य जल संधियों की भारतीय अवधारणा को चुनौती देता है। नेपाल पर नजर रखने वाले पर्यवेक्षकों का कहना है कि भारत को नेपालियों को संतोषजनक मुआवजा देने का कोई रास्ता खोजना चाहिए।दो बड़े पड़ोसियों से सुरक्षित दूरी बनाकर रखने के लिए प्रतिबद्ध नेपाल के पास घरेलू सियासी उथल-पुथल को नियंत्रित रखने के अलावा कोई चारा नहीं है।



## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी राष्ट्रपति पद के किसी भी उम्मीदवार को पैसा दान नहीं दिया जा रहा- एलन मस्क

**वाशिंगटन, डीसी (यूएस)।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने बुधवार को घोषणा की है कि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति पद के किसी भी उम्मीदवार को पैसे दान करने की कोई योजना नहीं है।2024 टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने बुधवार को घोषणा की है कि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति पद के किसी भी उम्मीदवार को पैसे दान करने की कोई योजना नहीं है। एक्स पर एक पोस्ट में मस्क ने लिखा बहुत स्पष्ट रूप से कहूं तो मैं अमेरिकी राष्ट्रपति पद के किसी भी उम्मीदवार को पैसे दान नहीं कर रहा हूं।एक्स पर एक पोस्ट में मस्क ने लिखा, ठबहुत स्पष्ट रूप से कहूं तो, मैं अमेरिकी राष्ट्रपति पद के किसी भी उम्मीदवार को पैसे दान नहीं कर रहा हूं।विशेष रूप से, मस्क की पोस्ट कथित तौर पर फ्लोरिडा में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात के दो दिन बाद आई है।न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, अरबपति और कुछ धनी रिपब्लिकन दानदाताओं ने एक निजी मामले पर चर्चा करने के लिए रविवार को फ्लोरिडा के पाम बीच में डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की, बैठक के बारे में जानकारी देने वाले तीन लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया।इस बीच, ट्रम्प के सहयोगियों ने मस्क की सोशल मीडिया टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अतीत में, मस्क ने कई अन्य बिजनेस टाइटन्स की तरह, रिपब्लिकन



और डेमोक्रेट दोनों के लिए योगदान दिया है।न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, उन्होंने अन्य अमेरिकी अरबपतियों के विपरीत, राष्ट्रपति अभियान में भारी निवेश नहीं किया है और पिछले कुछ वर्षों में, उन्होंने अपने योगदान को रिपब्लिकन और डेमोक्रेट के बीच लगभग समान रूप से विभाजित किया है।अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ के संबंध में एक ताजा घटनाक्रम में, रिपब्लिकन उम्मीदवार, निक्की हेली ने बुधवार को औपचारिक रूप से अपने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के अभियान को समाप्त करने की घोषणा की।उन्होंने बुधवार को दक्षिण कैरोलिना में कहा, अब मेरे अभियान को निलंबित करने का समय आ गया है। मैंने कहा था कि मैं चाहती थी कि अमेरिकियों की आवाज सुनी जाए।

## पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध मे राष्ट्रपति को लिखा ज्ञापन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा।**नोएडा महिला संगठनों की समन्वय समिति द्वारा जिलाधिकारी को उनके सूरजपुर स्थित कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया जिसमे पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में चल रहे अत्याचार के खिलाफ महिलाओं ने पुरजोर तरीके से आवाज उठाया।समन्वय समिति की संयोजिका इंद्राणी मुखर्जी ने कहा इन घटनाओं को देखकर ऐसा प्रतीत होता है जैसे अनगिनत रतनें को जन्म देनेवाली पश्चिम बंगाल की धरती आज आजादी के 76 वर्ष बाद भी स्वतंत्र नहीं हुई है। वहां के लोगो के आजादी की लड़ाई अब भी बाकी है। महिला समन्वय बौद्धिक प्रमुख अनीता जोशी ने कहा हम पूरे देश की महिलाएं पश्चिम बंगाल के बहनों के साथ खड़े हैं और हमारी मांग है कि उनके साथ कुछ इस प्रकार न्याय किया जाए कि शहजाद शेख जैसा कोई दूसरा पनप न सके ।इस अवसर पर विभाग समन्वय टोली से रश्मि सोलंकी, स्मृति राय, शारदा चतुर्वेदी, अर्चना त्यागी, प्रियंका सिंह, राजश्री गुप्ता आदि बहनों की उपस्थिति रही ।



## अब चंदा मामा की सतह से नमूना लाने का लक्ष्य, चंद्रयान-4 की तैयारी में जुटा इसरो

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता के बाद इसरो अगले चंद्र मिशन की तैयारी में जुट गया है। चंद्रयान-4 को पूर्ववर्ती मिशन की तरह एक ही चरण में




लॉन्च नहीं किया जाएगा। इसके बजाय इसे दो अलग-अलग चरणों में लॉन्च किया जाएगा। इसके तहत इसरो का अंतरिक्ष यान न सिर्फ चंद्रमा पर उतरेगा, बल्कि वहां से चट्टान और मिट्टी के नमूने लेकर धरती पर वापस भी आएगा। चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने के लिहाज से यह अभियान बेहद महत्वपूर्ण होगा।चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता के बाद इसरो अगले चंद्र मिशन की तैयारी में जुट गया है। चंद्रयान-4 को पूर्ववर्ती मिशन की तरह एक ही चरण में लॉन्च नहीं किया जाएगा। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने बताया कि भारत का सबसे भारी प्रक्षेपण यान एलवीएम-3 तीन घटकों के साथ लॉन्च होगा जिसमें प्रोपल्शन माड्यूल डिसेंडर माड्यूल और एसेंडर माड्यूल शामिल होंगे।चंद्रयान-4 मिशन में दो और अतिरिक्त घटक होंगे, जिन्हें चंद्रमा से नमूने जुटाने और उन्हें पृथ्वी पर लाने का काम सौंपा जाएगा। चंद्रयान-4 मिशन के पांचों घटकों को एक साथ लॉन्च नहीं किया जाएगा।इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने बताया कि भारत का सबसे भारी प्रक्षेपण यान एलवीएम-3 तीन घटकों के साथ लॉन्च होगा, जिसमें प्रोपल्शन माड्यूल, डिसेंडर माड्यूल और एसेंडर माड्यूल शामिल होंगे। इन्हें चंद्रयान-3 मिशन की तरह लांच किया जाएगा। ट्रांसफर माड्यूल और री-एंट्री माड्यूल को ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान पर लॉन्च किया जाएगा।इसरो ने अभी तक इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है कि कौन सी लॉन्चिंग सबसे पहले होगी। हालांकि, यह पहला ऐसा अभियान होगा, जिसमें एक ही मिशन को पूरा करने के लिए दो प्रक्षेपण यान का उपयोग किया जाएगा

## मणिपुर में 'काम नहीं, तो वेतन नहीं' का नियम लागू

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने बुधवार को कार्यालय से बिना वैध और स्वीकृत कारणों से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के लिए 'काम नहीं तो वेतन नहीं' का नियम पेश किया।मणिपुर सरकार ने प्रदेश के कार्यालय से बिना वैध और स्वीकृत कारणों से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के लिए काम नहीं तो वेतन नहीं का नियम पेश किया। कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग ने परिपत्र जारी कर कहा कि ऐसी सूचना मिली है कि कई अधिकारी कार्यालयों में उपस्थित नहीं हो रहे हैं अथवा ड्यूटी पर नहीं आ रहे हैं।कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग ने परिपत्र जारी कर कहा कि ऐसी सूचना मिली



है कि कई अधिकारी कार्यालयों में उपस्थित नहीं हो रहे हैं अथवा ड्यूटी पर नहीं आ रहे हैं।ऐसे में राज्य की मौजूदा कानून-व्यवस्था के कारण अपने सामान्य पोस्टिंग स्थानों पर उपस्थित होने में असमर्थ अधिकारियों को उपायुक्त, लाइन विभागों अथवा फील्ड स्तर के कार्यालयों से जोड़ा गया है। इसका उद्देश्य उन्हें कार्य करने के लिए सक्षम बनाना है।परिपत्र में उपायुक्तों, विभागाध्यक्षों को अधिकारियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए रजिस्टर बनाने को कहा गया है।

## विकसित भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे युवा', राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव में बोले ओम बिरला

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** संसद भवन के सेंट्रल हॉल में आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव में बुधवार को विजेता युवाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के यतिन भास्कर दुग्गल ने पहला, तमिलनाडु



की वैष्णा पिचाई ने दूसरा और राजस्थान की कनिष्का शर्मा ने तीसरा पुरस्कार जीता।संसद भवन के सेंट्रल हॉल में आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव में विजेता युवाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ओम बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को युवाओं से विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत न केवल एक विकसित राष्ट्र बनेगा बल्कि पूरी दुनिया को रास्ता भी दिखाएगा।इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने संबोधित किया। ओम बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को युवाओं से विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं की सोचने की क्षमता, कुछ नया करने की क्षमता और काम करने का उत्साह 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि युवाओं की आवाज एक राष्ट्र के रूप में भारत की दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भारत ने प्रौद्योगिकी के सकारात्मक उपयोग और दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं से शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में इसकी प्रगति देखी है। उन्होंने कहा कि भारत कमजोर नेतृत्व से मजबूत नेतृत्व की ओर बढ़ चुका है और आज विश्व नेताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सकता है। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रतिबद्धता, प्रौद्योगिकी के उपयोग और व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने से ही संभव है।राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव का आयोजन नौ फरवरी से छह मार्च तक पूरे देश में किया गया है। यह युवा संसद देश के 785 जिलों को कवर करते हुए तीन स्तरों पर आयोजित की गई है। जिला युवा संसद का आयोजन नौ फरवरी से 14 फरवरी तक किया गया। जिला युवा संसद-2024 के विजेताओं ने 19 से 24 फरवरी तक राज्य युवा संसद में भाग लिया।

## सरकार ने प्रेस की स्वतंत्रता पर नहीं लगाया प्रतिबंध

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को एनडीटीवी डिफेंस समिट में कई मुद्दों पर बातचीत की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कहा कि आपातकाल के ठकाले अध्यायठ को छोड़ दें तो भारत के लोकतंत्र के इतिहास में प्रेस की स्वतंत्रता पर ठकभी भी कोई प्रतिबंध नहीं देखा जा सकताठ।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एनडीटीवी डिफेंस समिट के दौरान अपने संबोधन में कहा कि मीडिया को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में जाना जाता है उन्होंने यह कहा कि यह सरकार और लोगों के बीच एक कड़ी के रूप में काम करती है और वे दोनों एक-दूसरे को जोड़ने का काम करती है।भारत के



इतिहास में प्रेस की स्वतंत्रता पर कभी भी कोई प्रतिबंध नहीं देखा जा सकता।कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि लेखक और विचारक उन मुद्दों पर सरकार के विचारों को भी प्रतिबिंबित कर सकते हैं जहां ठसामाजिक सहमति है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वे ठसरकार की कठपुतली हैं। रक्षा मंत्री ने एनडीटीवी डिफेंस समिट में अपने संबोधन में कहा कि मीडिया को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में जाना जाता है, उन्होंने यह कहा कि यह सरकार और लोगों के बीच एक कड़ी के रूप में काम करती है और वे दोनों एक-दूसरे को जोड़ने का काम करती है।

## कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज, पार्टी उम्मीदवारों पर होगा मंथन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के लिए कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व गुरुवार शाम छह बजे राष्ट्रीय राजधानी में बैठक करेगा। यह जानकारी कांग्रेस महासचिव नेता जयराम रमेश ने एक्स पोस्ट में दी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) में शामिल अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अब तक किसी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। हालांकि गत सप्ताह भाजपा ने 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। वहीं लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र की जिम्मेदारी संभाल रही समिति ने मसौदा तैयार कर लिया है और अब इस पर कांग्रेस कार्य समिति में चर्चा की जाएगी।कांग्रेस ने अब तक किसी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। हालांकि गत सप्ताह भाजपा ने 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। वहीं लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र की जिम्मेदारी संभाल रही समिति ने मसौदा तैयार कर लिया है और अब इस पर कांग्रेस कार्य समिति में चर्चा की जाएगी। घोषणापत्र समिति प्रमुख पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने मंगलवार को कहा कि मसौदा रिपोर्ट कांग्रेस अध्यक्ष को सौंपी जानी है।एएनआइ के अनुसार, कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को राजस्थान के लिए पार्टी उम्मीदवारों पर चर्चा के लिए दिल्ली स्थित बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के आवास पर स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक की।



## जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में अवैध निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड के कार्बेट नेशनल पार्क में अवैध निर्माण और पेड़ों की कटाई



पर पूर्व वन मंत्री हरक सिंह रावत और पूर्व प्रभागीय वन अधिकारी किशन चंद को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस मामले में पूर्व वन मंत्री और पूर्व वन प्रभागीय अधिकारी किशन चंद स्वयं को ही कानून समझते थे। उन्होंने कानून की अनदेखी करके पर्यटन को बढ़ावा देने की आड़ में वाणिज्यिक उद्देश्य से पेड़ों की अवैध कटाई और बड़े पैमाने पर इमारतों का निर्माण कराया। ये एक क्लासिक उदाहरण है कि कैसे राजनेता और नौकरशाह जन विश्वास के सिद्धांत को कचरे के डिब्बे में फेंक देते हैं।सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड के कार्बेट नेशनल पार्क में अवैध निर्माण और पेड़ों की कटाई पर पूर्व वन मंत्री हरक सिंह रावत और पूर्व प्रभागीय वन अधिकारी किशन चंद को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस मामले में पूर्व वन मंत्री और पूर्व वन प्रभागीय अधिकारी किशन चंद स्वयं को ही कानून समझते थे।

## रूस-यूक्रेन युद्ध में भारतीय नागरिक असफान की मौत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। दो साल से दोनों देशों के बीच युद्ध चल रहा है और दोनों एक-दूसरे के खिलाफ निर्णायक बढ़ोतरी बनाने के लिए अपनी-अपनी रणनीति को अंजाम दे रहे हैं। इस



बीच, एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। ऐसे में भारतीय नागरिक के पार्थिव शरीर को भारत लाने की कोशिश की जाएगी।रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। बता दें कि भारतीय नागरिक मोहम्मद असफान यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में मारा गया। भारतीय दूतावास ने मोहम्मद असफान की मौत की पुष्टि की। दूतावास ने कहा कि हम परिवार और रूसी अधिकारियों के संपर्क में है।भारतीय दूतावास के मुताबिक, मिशन भारतीय नागरिक के पार्थिव शरीर को भारत भेजने की कोशिश करेगा। भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट कर भारतीय नागरिक मोहम्मद असफान की मृत्यु की सूचना की। दूतावास ने कहा,विदेश मंत्रालय ने हाल ही में रूसी सेना में भारतीयों के फंसे होने की जानकारी देते हुए बताया था कि हम उन्हें निकालने की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था।

## अब हिमालय के ऊंचाई वाले स्थानों पर तैनात होंगे एनडीआरएफ कर्मी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के कर्मी हिमालय में ऊंचाई वाले स्थानों पर तैनाती से पहले खुद को तैयार करने में जुट गए हैं। वे भारत-चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर इंडो तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) के तैनाम सीमा सुरक्षा बलों के साथ चर्चा कर रहा है। इसका उद्देश्य बचावकर्मियों की छोटी टीम बनाना है और इन टीमों को चार राज्यों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) जैसे बलों की चौकियों पर तैनात किया



सैनिकों के साथ लंबी दूरी की गश्त कर रहे हैं एनडीआरएफ निदेशक अतुल करवाल ने बताया कि केंद्रीय आकस्मिक बल अग्रिम क्षेत्रों में तैनाम सीमा सुरक्षा बलों के साथ चर्चा कर रहा है। इसका उद्देश्य बचावकर्मियों की छोटी टीम बनाना है और इन टीमों को चार राज्यों जम्मू-कश्मीर उत्तराखंड हिमाचल प्रदेश और सिक्किम में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) जैसे बलों की चौकियों पर तैनात किया जाएगा।एनडीआरएफ निदेशक अतुल करवाल ने बताया कि केंद्रीय आकस्मिक बल अग्रिम क्षेत्रों में जाएगा।इसके लिए आइटीबीपी और एसएसबी जैसे बलों से बातचीत की जा रही है और इनमें बचावकर्मियों की टीम को अपनी चौकी पर भी तैनात किए जाने का अनुरोध किया जा रहा है।एनडीआरएफ निदेशक ने आगे कहाहमारे लिए अलग से टीमों की तैनाती मुश्किल है। हम अपनी कुछ छोटी टीमों को हर समय अधिक ऊंचाई पर क्रियाशील रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ों पर ऊंचाई वाले स्थानों पर बचाव अभियान चलाने के लिए कर्मचारियों को अनुकूलित करना आवश्यक है।

## कौन है कासिम गुज्जर, केंद्र ने युएपीए लगाकर किया आतंकवादी घोषित

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने गुरवार को लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य मोहम्मद कासिम गुज्जर को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 1967 के तहत आतंकवादी घोषित किया है। मोहम्मद कासिम गुज्जर वर्तमान में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में रह रहा है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट में कासिम गुज्जर लंबे समय से आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त है। ड्रोन के द्वारा हथियार, गोला-बारूद, आईईडी समेत कई आतंकी घटनाओं में वह शामिल है।गृह मंत्रालय ने लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य मोहम्मद कासिम गुज्जर को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 1967 के तहत आतंकवादी घोषित किया है। मोहम्मद कासिम गुज्जर वर्तमान में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में रह रहा है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट में कासिम गुज्जर लंबे समय से आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त है। वह ड्रोन के द्वारा हथियार गोला-बारूद आईईडी समेत कई आतंकी घटनाओं में शामिल है।गुरुवार को गृह मंत्रालय द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य मोहम्मद कासिम गुज्जर को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 1967 के तहत 'आतंकवादी' के रूप में नामित किया गया है। उक्त अधिनियम की धारा 35 की उपधारा (1) के खंड (ए) और धारा 35 की उपधारा (2) के तहत केंद्र सरकार को किसी व्यक्ति




के आतंकवाद में शामिल होने का संदेह होने पर उसका नाम चौथी अनुसूची में शामिल करने का अधिकार है।मोहम्मद कासिम गुज्जर (उर्फ सलमान, उर्फ सुलेमान) जम्मू के रियासी जिले का रहने वाला है। इसका संबंध आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से है। कासिम ड्रोन के माध्यम से हथियार, गोला-बारूद और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) की सप्लाई करता है। इसने कई आतंकी हमलों को भी अंजाम दिया है। यह सोशल मीडिया के माध्यम से आतंकी संगठनों में लोगों की भर्ती करता है।मोदी सरकार ने कई आतंकी हमलों के खूंखार मास्टरमाइंड मोहम्मद कासिम गुज्जर उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान को आतंकवादी घोषित कर दिया है। गृह मंत्री कार्यालय ने कहा कि लश्कर-ए-तैय्यबा का ऑपरेटिव मोहम्मद कासिम गुज्जर कई आतंकी हमलों के जरिए कई मौतों का जिम्मेदार है और भारत के विरुद्ध युद्ध की योजना में शामिल रहा है। देश की एकता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में लिप्त पाए गए किसी भी व्यक्ति के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

## लोगों को स्वच्छ हवा और साफ पानी पाने का अधिकार सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर जताई नाराजगी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर सख्ती बरतते हुए कहा कि सभी लोगों को स्वच्छ हवा में सांस लेने, साफ पानी पीने और बीमारियों से मुक्त जीवन जीने का अधिकार है। उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के थूथुकुडी में तांबा गलाने वाले संयंत्र को बंद करने के अपने आदेश में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ उद्योग द्वारा आदेशों को बार-बार उल्लंघन की प्रकृति को गंभीर बताया।मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे, की पीठ ने बुधवार को तमिलनाडु के थूथुकुडी में तांबा गलाने वाले संयंत्र को बंद करने के खिलाफ वेदांता समूह की याचिका को खारिज कर दी थी। मालूम हो कि



मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ उद्योग द्वारा आदेशों को बार-बार उल्लंघन की प्रकृति को गंभीर बताया।सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर सख्ती बरतते हुए कहा कि सभी लोगों को स्वच्छ हवा में सांस लेने साफ पानी पीने और बीमारियों से मुक्त जीवन जीने का अधिकार है। उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के थूथुकुडी में तांबा गलाने वाले संयंत्र को बंद करने के अपने आदेश में प्रदूषण कारणों से यह संयंत्र मई, 2018 से बंद है तमिलनाडु के थूथुकुडी में वेदांत समूह की कंपनी स्टरलाइट कॉपर को बंद करने पर अपने आदेश में पीठ ने कहा कि उद्योग को बंद करना पहली पसंद का मामला नहीं है, बल्कि इकाई द्वारा बार-बार उल्लंघन की प्रकृति और गंभीर है।

## बेंगलुरु ,भोपाल में इंडिगो की यात्री बिना कुशन वाली सीटें देखकर हुईं हैरान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** कई बार सोशल मीडिया पर ऐसी तस्वीरें सामने आती हैं जिन्हें देख कर लोगों को काफी हैरानी होती है। एक ऐसी ही हैरान करने वाली तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।एक इंडिगो यात्री को बिना कुशन वाली सीट मिली जिसके



बाद उन्होंने वो तस्वीर अपने हैंडल पर शेयर कर दी। बाद में एयरलाइंस ने उनके ट्वीट का जवाब दिया। बेंगलुरु से भोपाल तक इंडिगो से यात्रा कर रहीं एक्स यूजर यवनिका राज शाह दो सीटों पर कुशन गायब देखकर हैरान रह गईं। उनके ट्वीट में लाखों लोग कमेंट कर रहे हैं।बता दें कि ये मामला इंडिगो की फ्लाइट से जुड़ा हुआ है।

# ये तो बिग बॉस से भी बड़ा मुनव्वर फारूकी ने किया सचिन तेंदुलकर को आउट


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** बीते दिनों क्रिकेट की दुनिया के महारथी और सितारे एक साथ फील्ड पर उतरें। 6 मार्च को



इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग का आगाज हुआ। घ्इझ्थ् की ओपनिंग बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने की। के लिए बीता दिन शायद उनके लिए सबसे अच्छे दिनों में से एक था। उन्होंने इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग के पहले ही मैच में मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर का विकेट झटका। सचिन तेंदुलकर और मुनव्वर फारूकी के वीडियो वायरल होने के बाद अब सोशल मीडिया पर यूजर्स उनकी वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर कर रहे हैं।सितारों और क्रिकेटर्स की स्टेडियम से कई वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हुई। हालांकि, सोशल मीडिया पर जो वीडियो सबसे ज्यादा वायरल हो रही है वह है सचिन तेंदुलकर और मुनव्वर फारूकी की, जिसमें बिग बॉस 17 के विनर क्रिकेट के भगवान को क्लीन बोल्ड करते हुए दिखाई दिए। इस वीडियो पर अब सोशल मीडिया यूजर्स अलग-अलग तरह की प्रतिक्रिया जाहिर कर रहे हैं।मुनव्वर फारूकी और क्रिकेट गॉड सचिन तेंदुलकर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें मास्टर ब्लास्टर और सुरेश रैना बैटिंग करते हुए दिखाई दिए। 'इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग के इस मैच में सचिन तेंदुलकर ने 16 बॉल में 30 रन बनाए।इंटरनेट पर आग की तरह तेजी से वायरल हो रही वीडियो में जब अक्षय कुमार की टीम से मुनव्वर फारूकी बॉलिंग करने आते हैं, तो उस वक्त बैटिंग सचिन तेंदुलकर कर रहे हैं। मुनव्वर फारूकी जैसे ही मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को बॉल डाली, तो एक बड़ा शॉट मारने के चक्कर में सचिन आउट हो गए और मुनव्वर फारूकी को उनका विकेट मिल गया। जिसे पाकर वह खुशी से उछल पड़े।

# वंडर वुमन' एक्ट्रेस गैल गैडोट ने बेटी को दिया जन्म, बताया- आसान नहीं थी प्रेंग्रेसी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस गैल गैडोट हॉलीवुड की एक जानी मानी सुपरस्टार हैं। उन्होंने डिजनी वर्ल्ड



की वंडर वुमन बनकर फैंस के दिलों में अपनी एक अलग जगह बनाई है। अब हाल ही में गैल गैडोट ने अपने फैंस के साथ एक खुशखबरी शेयर की है। दरअसल, एक्ट्रेस ने अपने पति यारोन वर्सानो के साथ अपने चौथे बच्चे का स्वागत किया है।वंडर वुमन बनकर लोगों के दिलों पर राज करनी वाली एक्ट्रेस ने अपने फैंस के साथ एक खुशखबरी शेयर की है। दरअसल एक्ट्रेस ने अपने चौथे बच्चे का स्वागत किया है। यह न्यूज सुनने के बाद उनके फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने इस बात का भी खुलासा किया कि उनके लिए यह प्रेंगन्सी आसान नहीं थी।इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने खुद अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके दी है, जिसके बाद सेलेब्स और फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं। बता दें कि यह कपल पहले ही तीन बच्चों का पैरेंट्स हैं। अब इनके घर चौथी बार खुशखबरी आई है।गैल गैडोट ने बेटी को जन्म दिया है। अब वह चौथी बार बच्चे को जन्म देने के बाद सुखियों में आ गई हैं।

# आमिर की 'लापता लेडीज' का बजट निकालने में छूटे पसीने, 6 दिन में बस इतनी कमाई

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'लापता लेडीज' ने बीते हफ्ते सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान आमिर खान की एक्स वाइफ किरण राव ने संभाली है।ने अपने प्रोडक्शन में बनी किरण राव द्वारा निर्देशित फिल्म आमिर खान 'लापता लेडीज' को प्रमोट करने में अपनी जान लगा दी, नतीजा फिल्म को पहले वीकेंड पर सिनेमाघरों में भर-भरकर ऑडियंस मिली।लापता लेडीज की पहले ही वीकेंड के बाद कमाई गिरकर लाखों में आ गयी। इस फिल्म की हालत हर दिन खस्ता हो रही है, मूवी ने अब तक घरेलू लाख से घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाई करने वाली लापता लेडीज ने पहले वीकेंड पर करोड़ों में कलेक्शन किया था, लेकिन फिर वर्किंग फिल्म की कमाई गिर गयी। मंगलवार को फिल्म ने लगभग 55 लाख के आसपास का बिजनेस किया था। अब सैकनलिक.कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक, बुधवार



लापता लेडीज को प्रमोट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। पहला वीकेंड तो फिल्म के लिए काफी अच्छा बीता लेकिन वर्किंग डेज में फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर एक अच्छी कमाई करने में हालत पस्त हो रही है। 6 दिनों में फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस और वर्ल्ड वाइड कितनी कमाई की चलिए जानते हैं-अपनी फिल्म धोबी घाट की तरह ही बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट बॉक्स ऑफिस और वर्ल्ड वाइड कितने करोड़ की कमाई की है, चलिए जानते हैं।आमिर खान प्रोडक्शन में बनी 'लापता लेडीज' दो महिलाओं की अदला-बदली की कहानी है, जिसमें न्यूली वेड्स कपल को दिखाया गया है। अलग तरह का कांसेप्ट दर्शकों क सामने पेश करने के लिए मशहूर किरण राव को उनकी इस फिल्म के लिए भी काफी सराहना मिल रही है।75 को भी इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर करीब 53 लाख के आसपास की कमाई की है।आमिर खान की फिल्म लापता लेडीज ने डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर अब तक 5.48 करोड़ तक की नेट कमाई कर ली है, जबकि फिल्म का ग्रॉस बिजनेस 5.8 करोड़ तक पहुंचा है। इसके अलावा दुनियाभर में ये फिल्म 7.75 करोड़ का बिजनेस कर चुकी है।

# राम चरण संग नाटू-नाटू की धुन पर थिरके ये सितारे


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल के बाद क्रिकेट लीग में फिल्मी सितारों का रुझान काफी बढ़ने लगा है। टेनिस बॉल से अब एक नई क्रिकेट लीग का विगुल बज चुका है, जिसका नाम इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग यानी आईएसपीएल है। इसके पहला सीजन आज से मुंबई में शुरू विनिंग सॉन्ग नाटू-नाटू पर डांस करते दिख रहे हैं।आईएसपीएल को लेकर मुंबई में फिल्मी सितारों से लेकर क्रिकेट की दुनिया के महारिथों को मेला लगा हुआ है। लीग की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान अक्षय कुमार, राम चरण, सूर्या, अमिताभ बच्चन, बोमन ईरानी और पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर



हो गया है। का आगाज आज हो गया है। अक्षय कुमार सहित तमाम फिल्मी सितारों की टीम इस टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट में अपना दमखम दिखाएंगी। इस क्रिकेट लीग की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान के एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिसमें राम चरण संग तमाम सेलेब्स ऑस्कर विनर सॉन्ग नाटू-नाटू पर नाचते दिख रहे हैं।इस टूर्नमेंट की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान का एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिससें साउथ सुपरस्टार राम चरण के साथ मिलकर कई सितारे फिल्म आर आर आर के ऑस्कर एक साथ नजर आए। इन तीनों को अब एक लेटेस्ट वीडियो सामने आया है, जिसे राम चरण के एक्स फैन पेज ने शेयर किया है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि अक्षय, सूर्या, सचिन और बोमन डायरेक्टर एस.एस. राजामौली की ब्लॉकबस्टर फिल्म आर आर आर के पॉपुलर सॉन्ग नाटू-नाटू पर ताल से ताल मिलाते दिख रहे हैं। सोशल मीडिया पर इन सितारों का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। सिर्फ इतना ही क्रिकेट के मैदान पर इन सभी को एक साथ देखना फैंस के लिए स्पेशल ट्रीट से कम नहीं हैं।

# मुनव्वर फारूकी और एल्विश यादव में हुई दोस्ती, क्रिकेट के मैदान पर एक दूसरे से मिलाया हाथ

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 17' के विनर मुनव्वर फारूकी और 'बिग बॉस 2' के विनर एल्विश यादव को लेकर काफी समय से सोशल मीडिया पर अनबन की खबरें सामने आ रही थीं। जब स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी ने बिग बॉस शो जीता है। तब से एल्विश यादव ने आए दिन उन पर तंज कसे है। इतना ही नहीं मुनव्वर अपनी जीत के बाद इंस्टाग्राम पर लाइव आए थे और उन्होंने फैंस से करीब 10 मिनट तक बातचीत भी की थी।मुनव्वर फारूकी और बिग बॉस ध्ऊऊ 2 के विनर एल्विश यादव को लेकर शुरुआत से ही अनबन की खबरें आती रही हैं। कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी ने बिग बॉस शो जीता था। तब एल्विश यादव ने उन पर तंज कसा था। हालांकि अब इन दोनों का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसे देखकर लग रहा है इनमें दोस्ती हो गई है।



# बॉलीवुड की इन 7 सिंगल मदर्स ने बच्चों के नाम लिख दी अपनी जिंदगी, अकेले ही की परवरिश

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** आठ मार्च को पूरी दुनिया में अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। वुमंस फिल्मी पर्दे की कहानी नहीं, बल्कि बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी बच्चों के नाम लिख के पूर्व क्रिकेटर संग बधाई हो एक्ट्रेस का रिश्ता ज्यादा लंबे समय तक नहीं रहा था।नीना गुप्ता और मसाबा का रिश्ता काफी मजबूत



डे के खास मौके पर महिलाओं के संघर्षों से लेकर उनकी अचीवमेंट तक को सेलिब्रेट किया जाता है।2024 आज के समय में महिलाएं घर की जिम्मेदारी उठाने के साथ-साथ अपने करियर में भी काफी आगे बढ़ रही हैं। 8 मार्च को पूरी दुनियाभर में हर साल धूमधाम से अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस का जशन मनाया जाता है। बॉलीवुड में भी कई ऐसी मजबूत एक्ट्रेसेस हैं जिन्होंने पति से अलग होने के बाद अपने बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी संभाली।आज के समय में महिलाएं दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। घर की जिम्मेदारी संभालने की बात हो या फिर करियर में एक बड़ा मुकाम हासिल करने की, वह निडर होकर आगे बढ़ रही हैं। बॉलीवुड में भी महिला सशक्तिकरण पर कई फिल्में बनी है।लेकिन आज हम अपने इस आर्टिकल में आपको डाली और अकेले रहकर ही उनकी परवरिश की। कौन-कौन है इस लिस्ट में शामिल चलिए देखते हैं- 80 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस अमृता सिंह सभी के लिए एक मिसाल हैं। उन्होंने अपने दोनों बच्चों सारा अली खान और बेटे इब्राहिम अली खान की अकेले ही परवरिश की। शादी के 13 साल बाद सैफ अली खान से अलग होने के बाद दोनों बच्चे अपनी मां के साथ ही रहे हैं।सारा अली खान अक्सर अपनी मां पर प्यार लुटाते हुए फोटोज शेयर करती हैं। हालांकि, सारा और इब्राहिम की अपने पिता सैफ अली खान के साथ भी काफी अच्छी बॉन्डिंग है।नीना गुप्ता बॉलीवुड की सबसे स्ट्रांग महिलाओं में से एक हैं। करियर के साथ-साथ उन्होंने अपनी निजी जिंदगी में भी काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं। उन्होंने अपनी बेटी मसाबा को बचपन से अकेले ही पाला है। वेस्टइंडीज है। मसाबा-मसाबा में भी दोनों मां बेटी की बॉन्डिंग साफ तौर पर फैंस को देखने को भी मिली थी।करिश्मा कपूर ने साल 2003 में बिजनेसमैन संजय कपूर से शादी की थी। हालांकि, शादी के 13 साल बाद वह अपने पति से अलग हो गयीं। करिश्मा कपूर से अलग होने के बाद संजय कपूर ने जहां एक्ट्रेस प्रिया सचदेव से शादी कर ली, तो वहीं करिश्मा कपूर अपने दोनों बच्चों के साथ मुंबई में रहती हैं। उनकी एक बेटी समायरा और एक बेटा है, जिसकी परवरिश की जिम्मेदारी खुद करिश्मा ही उठाती हैं।बॉलीवुड की सिंगल मदर की लिस्ट में पूजा बेदी का नाम भी शामिल है। जिन्होंने साल 1994 में बिजनेसमैन फरहान फर्नीचरवाला से शादी की थी, लेकिन साल 2003 में वह अपने पति से अलग हो गयीं। इसके बाद एक्ट्रेस ने अपनी बेटी आलिया फर्नीचरवाला और उमर फर्नीचरवाला की परवरिश अकेले ही की।

# एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज की बिल्डिंग में लगी आग, रोंगटे खड़े कर देगा ये खौफनाक तस्वीर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की बिल्डिंग में भीषण आग लगी। सोशल मीडिया



पर बिल्डिंग में आग लगने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें आग की लपटें और धुआं देखकर आपके भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे हालांकि, राहत की खबर यह है कि किसी की जान को कोई नुकसान नहीं हुआ है। बिल्डिंग में रहने वाले सभी लोग ठीक है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटनास्थल पर दमकल की कई गाडि़यां मौके पर पहुंची है और आग पर काबू पा लिया है जैकलीन फर्नांडीज मुंबई के पॉश जगह बांद्रा वेस्ट के पाली हिल इलाके में रहती हैं। इस सोसायटी का नाम नवरोज हिल है। जहां बुधवार रात आग लगने की घटना हुई। इस सोसायटी में एक्ट्रेस 15वीं मंजिल पर रहती हैं और यह 13वीं मंजिल पर लगी है। घटनास्थल पर दमकल की कई गाडि़यां मौके पर पहुंची है।जैकलीन फर्नांडीज मुंबई के पॉश जगह बांद्रा वेस्ट के पाली हिल इलाके में रहती हैं। इस सोसायटी का नाम नवरोज हिल है। जहां बुधवार रात आग लगने की घटना हुई। इस सोसायटी में एक्ट्रेस 15वीं मंजिल पर रहती हैं और यह 13वीं मंजिल पर लगी है। बताया जा रहा है कि 13वीं मंजिल की रसोई घर में यह लगी। राहत की बात ये है कि एक्ट्रेस को कुछ नहीं हुआ है।जैकलीन फर्नांडीज के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगी। फिल्म में अक्षय कुमार और जैकलीन फर्नांडीज के अलावा रवीना टंडन, दिशा पटानी, अरशद वारसी, श्रेयस तलपड़े, संजय दत्त, तुषार कपूर, राजपाल यादव, परेश रावल, सुनील शेट्टी और लारा दत्ता जैसे कई कलाकार एक साथ नजर आएंगे।

# 'आर्या' से 'माई' और 'महारानी' तक, ओटीटी स्पेस में जमकर 'दहाड़' रहे महिला किरदार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना दमखम दिखा रही हैं और ऐसे कई काम हैं, जो पहले पुरुषों के लिए समझे जाते थे, मगर अब महिलाएं भी अपनी भागीदारी दे रही हैं। हर साल की 8 मार्च को मनाया जाता है। फिल्मी दुनिया में भी कई ऐसी किरदार बेहद पॉवरफुल दिखाया गया है और सुष्मिता ने इसे निभाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। प्राइम वीडियो पर आई दहाड़ सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा एक महिला पुलिस अधिकारी के किरदार में नजर आती है, जो जातिवाद से लड़ते हुए अपनी जिम्मेदारियों को निभा रही है और एक सीरियल किलर का पीछा कर रही है। यह किरदार काफी



एक्ट्रेसेज हैं जिन्होंने अपने दम पर अपनी जगह बनाई है। इन हसीनाओं की पहचान पुख्ता करने में ओटीटी स्पेस का बहुत बड़ा हाथ है। महिला दिवस के मौके पर कुछ सीरीज के बारे में बता रहे हैं जिनमें पावरफुल किरदार देखने को मिले।महिलाएं आज कैब से लेकर फाइटर जेट तक उड़ा रही हैं। फिल्म इंडस्ट्री में भी ऐसी कई एक्ट्रेसेज हैं, जिन्होंने अपने दम पर अपने करियर को आकार दिया है। सिनेमा में भी महिलाओं को पेश करने की तस्वीर बदली है। खासकर, ओटीटी स्पेस में महिला किरदारों को ज्यादा सशक्त दिखाया जाता है। डिजनी प्लस हॉटस्टार की इस सीरीज में सुष्मिता सेन एक गैंगस्टर के किरदार में नजर आती हैं। अपने परिवार की हिफाजत के लिए उसे मजबूरी में क्राइम की दुनिया में उतरना पड़ता है। आर्या का यह पॉवरफुल दिखाया गया था। सोनीलिव की यह सीरीज बिहार की सियासी बैकग्राउंड में स्थापित है। हुमा कुरैशी का किरदार एक ऐसी महिला का है, जो घरेलू होने के बावजूद प्रदेश के मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचती है और पुरुष प्रधान राजनीति में बड़ों-बड़ों की हालत खराब कर देती है। इसका तीसरा सीजन गुरुवार को आ रहा है।नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज में रवीना टंडन ने एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभाया। सीरीज में रवीना एक कत्ल की जांच करती नजर आई थीं, जिसे क्रैक करना आसान नहीं था। महिलाओं को सशक्त दिखाने वाले किरदारों में पंचायत सीरीज भी एक मिसाल है। प्राइम वीडियो की सीरीज में नीना गुप्ता का किरदार जिस तरह से आगे बढ़ता है, वो दिलचस्प है। इस सीरीज का तीसरा सीजन आने वाला है।

# बॉक्स ऑफिस पर आगे बढ़ी जेंडाया की ड्यून २ वर्क डेज में भी समेटे करोड़ों

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** हॉलीवुड फिल्म ड्यून पार्ट 2 ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ रही है। विदेश के साथ- साथ फिल्म भारत में भी अच्छा बिजनेस कर रही है। वीकेंड पर नोट छापने के बाद ड्यून 2 वर्क डेज पर भी ठीक- ठाक कमाई कर रही है, जहां ज्यादातर को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त ओपनिंग मिली।पहले पार्ट की सफलता के बाद दर्शक ड्यून के दूसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। ऐसे में फिल्म को ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त ओपनिंग मिली।1 मार्च को रिलीज हुई ड्यून 2 ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत 2.75 करोड़ 3.50 करोड़, हिंदी- 55 लाख) करोड़ कमा लिए।ड्यून पार्ट 2 ने ओपनिंग वीकेंड पर लगभग 11 करोड़ का बिजनेस किया। बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत करने के बाद मंडे टेस्ट में फिल्म को थोड़ा झटका खाना पड़ा। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को ड्यून 2 ने 1.35 करोड़



फिल्में घुटने टेक देती हैं।हॉलीवुड फिल्म ड्यून 2 ने वीकेंड पर शानदार कमाई की। वहीं अब फिल्म वर्क डेज पर भी ठीक- ठाक कमाई कर रही है। साल 2021 में पहले पार्ट की सफलता के बाद फैंस ड्यून 2 का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में रिलीज के कुछ दिनों में ही फिल्म (अंग्रेजी- ?2.5 करोड़, हिंदी- ?25 लाख) के साथ की थी। वहीं, दूसरे दिन फिल्म का कलेक्शन बढ़कर 3.80 करोड़ (अंग्रेजी- ?3.35 करोड़, हिंदी- 45 लाख) हो गया। तीसरे दिन ड्यून 2 का बिजनेस और आगे बढ़ा। इसके साथ ही रविवार को फिल्म ने 4.05 (अंग्रेजी- (अंग्रेजी- ?1.15 करोड़, हिंदी- ?20 लाख) कमाए। मंगलवार की बात करें, तो शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने 1.40 करोड़ की कमाई की है। इसके साथ ही रिलीज के 5 दिनों में ड्यून 2 ने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 14.05 करोड़ का बिजनेस कर लिया है।

# रिलीज से दो दिन पहले 'शैतान' हुआ मालामाल इतनी टिकट बेच कमाए करोड़ों

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** अजय देवगन बॉलीवुड के उन एक्टर्स में शुमार हैं, जिन्हें



पर्दे पर हर रूप में उनके फैन पसंद करते हैं। कॉमेडी हो या सीरियस हर किरदार में सुपरस्टार अजय देवगन जान फूंक देते हैं। साल 2024 की शुरुआत के साथ ही अजय देवगन एक बार फिर से फिल्म 'शैतान' के साथ फिल्मी पर्दे पर लौट रहे हैं। की एडवांस बुकिंग तीन दिन पहले शुरू हुई थी। और आर माधवन स्टारर सुपरनैचुरल हॉरर थ्रिलर फिल्म में रिलीज से पहले ही एडवांस बुकिंग में ताबड़तोड़ कमाई कर ली है। शैतान के फर्स्ट डे फर्स्ट शो की टिकट खरीदने के लिए टिकट विंडो पर खूब भीड़ लग रही है। 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही शैतान ने में अब तक इतना कलेक्शन किया।इस फिल्म में उनका सामना पहली बार आर माधवन से होने वाला है। दो दिनों बाद सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार इस फिल्म की एडवांस बुकिंग जबरदस्त चल रही है।शैतान को सिनेमाघरों में देखने वालों की तादाद बढ़ती जा रही है। अजय देवगन की फिल्म 'शैतान' के फर्स्ट डे के अब तक कितने टिकट बिके है और उनसे एडवांस बुकिंग में सुपरनैचुरल हॉरर थ्रिलर ने कितनी कमाई की है, चलिए देखते हैं आंकड़े- साल भर बाद ऑडियंस के थिएटर में हॉरर फिल्म का आनंद उठाते हुए नजर आएंगे।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोट:- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।